Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित




दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874




वर्षः 6 अंकः 235 | बुधवार, 27 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## जम्मू संभाग में बादलों का कहर

# वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन ,जमीन और आसमानी आपदा में 14 की मौत

**जम्मू।**

भूस्खलन, पानी में बहने और मकान गिरने से संभाग में 14 लोगों की मौत हो गई। श्री माता वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से सबसे ज्यादा 8 लोगों की मौत हुई है। 20 लोग घायल हैं। जम्मू संभाग में बादलों के वज्रपात से भारी तबाही हुई है। भूस्खलन, पानी में बहने और मकान गिरने से संभाग में 14 लोगों की मौत हो गई। श्री माता वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से सबसे ज्यादा 8 लोगों की मौत हुई है। 20 लोग घायल हैं। मलबे में और लोगों के दबे होने की आशंका है। तीन पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। संभाग में 2014 के बाद (11 साल) मंगलवार को फिर ऐसी जल तबाही देखने को मिली है। पिछले चार दिन से भारी बारिश से संभाग के लगभग सभी जिलों में जनजीवन पटरी से उतर गया है। चारों ओर भारी क्षति हुई है। जम्मू संभाग की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में सैकड़ों लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली है। श्री माता वैष्णो देवी मार्ग पर मंगलवार को भूस्खलन के बाद यात्रा को रोक दिया गया है। अर्द्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास बचाव अभियान जारी है। कटड़ा के पास ही दोमेल मार्ग पर भूस्खलन से पानी में पांच युवक बह गए। दो ने किसी तरह पेड़ पकड़कर अपनी जान बचाई। तीन अब भी लापता हैं।





सभी युवक राजस्थान के धौलपुर के सैपऊ कस्बे के निवासी बताए जा रहे हैं। भद्रवाह के थनाला गांव में कच्चा मकान गिरने से युवती की जान चली गई। डोडा के के गंडोह में घर ढहने से दो, ठाठरी में एक की बाढ़ में बहने से और डोडा के ही कहरा गांव में एक की मौत हुई है। डोडा जिले के टांटा नाला पार करते समय एक 25 वर्षीय युवक नूर मोहम्मद युवक बह गया। कठुआ की आयुष और बिजली विभाग की नए भवन को नुकसान पहुंचा है। बसंतगढ़ में भूस्खलन से भारी मात्रा में कीचड़ आने से कई परिवार प्रभावित हुए हैं। हालांकि कोई जनहानि नहीं है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। जम्मू से रामबन में करीब 12 स्थानों पर भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद है।

चक्की पुल पठानकोट पर बाढ़ जैसी स्थिति से जम्मू, उधमपुर, कटड़ा आने वाली 22 ट्रेनें रद्द कर दी गईं। जम्मू से श्रीनगर जाने वाली दो उड़ानें भी रद्द करनी पड़ीं। जम्मू में भगवतीनगर में तवी नदी पर बने पुल के एक हिस्से के धंस जाने से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। शहर में तवी के तीन पुलों पर भी दोपहर बाद वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की गई।



### वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं की मौत पर उपराज्यपाल ने जताया दुख

लगातार भारी बारिश और भूस्खलन में श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की मौत पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को तत्काल सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि जम्मू संभाग के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। सभी जिलों में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल और जिला अधिकारियों को युद्धस्तर पर तैनात किया गया है। सभी से सुरक्षित रहने, परामर्शों का पालन करने और सभी आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया जा रहा है।

## सार सक्षेंप

### निर्यातकों-कामगारों को राहत पैकेज जल्द, छह माह का रोडमैप तैयार



**नई दिल्ली।**

अमेरिका के टैरिफ हमले से निपटने को भारत ने रणनीति तैयार की है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में निर्यातकों और कामगारों के लिए छह महीने के राहत पैकेज पर सहमति बनी। कपड़ा, चमड़ा, रसायन व खिलौना जैसे क्षेत्रों को आपातकालीन ऋण, नई बाजार उपलब्धता तक सुरक्षा और एकमुश्त राहत देने की योजना इसी हफ्ते घोषित हो सकती है। अमेरिका के मनमाने टैरिफ से निपटने के लिए भारत ने रणनीति तैयार कर ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों और वित्त एवं वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। इसमें निर्यातकों व कामगारों के लिए राहत पैकेज का रोडमैप तैयार किया गया। इसमें आपातकालीन ऋण, निर्यातकों को एकमुश्त राहत और कामगारों को सुरक्षा देना शामिल है। सूत्रों का कहना है कि सरकार टैरिफ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों, निर्यातकों व कामगारों के लिए कम से कम छह महीने के राहत पैकेज की घोषणा बुधवार को या इसी हफ्ते कर सकती है। बैठक में अमेरिकी टैरिफ से कपड़ा, चमड़ा, खिलौना, रसायन, प्लास्टिक और खिलौना जैसे उत्पादों के निर्यात पर होने वाले असर की समीक्षा की गई। इसमें तय किया गया कि इन क्षेत्रों को नया बाजार उपलब्ध कराने तक राहत पैकेज दिया जाए। सरकार के रणनीतिकारों का मानना है कि अमेरिकी टैरिफ का विकल्प ढूंढ़ लिया गया तो यह संकट अधिकतम छह महीने तक रहेगा।

ऐसे में टैरिफ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों को कम से कम इतने समय तक राहत दी जाएगी।

पीएम मोदी इसी महीने चीन और जापान की यात्रा करेंगे। इनका मकसद भारतीय उत्पादों के लिए नया बाजार उपलब्ध कराना होगा। चीन से कई स्तर पर बातचीत जारी है, जबकि जापान ने भारत में बड़े निवेश की इच्छा जताई है। जापानी कंपनी सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन ने तो मंगलवार को भारत में 70 हजार करोड़ के निवेश की घोषणा भी की है। इसके अलावा, अगले कुछ महीने में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भारत आने वाले हैं। इस दौरान निर्यात में अमेरिका पर निर्भरता कम करने पर चर्चा होगी।

## सीएम भगवंत मान को विपक्ष ने अब बाढ़ के मुद्दे पर घेरा

# 'पंजाब डूब रहा है, सीएम तामिलनाडू में नाश्ता कर रहे हैं'

**चंडीगढ़।**

पहले लैंड पूलिंग, फिर मनीष सिसोदिया के बयान और अब मुख्यमंत्री की तामिलनाडू यात्रा को लेकर विपक्ष ने भगवंत मान को घेरा है। पंजाब के अधिकांश जिले इस समय बाढ़ की चपेट में है और पहाड़ों और मैदानों पर हो रही भारी बारिश के कारण तीनों डैमों से पानी छोड़ा जा रहा है जिस कारण अधिकांश जिलों में नदियां तटों को तोड़कर खेतों में घुस गई हैं। मात्र एक महीने बाद पकने वाली धान की फसल पूरी तरह से उसकी चपेट में आ चुकी है जहां पानी खेतों में घुस गया है। कई इलाकों में यह गांव में घरों आदि में भी घुस गया है।

दूसरी ओर , मुख्यमंत्री के तामिलनाडू में होने को लेकर विपक्ष ने उनकी तीखी आलोचना की है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा कि अपने बाढ़ प्रभावित राज्य को उसकी किस्मत हाल पर छोड़कर दक्षिण में तमिलनाडु के चेन्नई में स्कूली बच्चों के लिए नाश्ते की योजना का उद्घाटन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में भारी बाढ़ के कारण उत्पन्न आपातकालीन स्थिति को देखते हुए, मुख्यमंत्री के लिए व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश की चेतावनी के बीच कोई तैयारी न करके आप सरकार ने पंजाब के लोगों को पूरी तरह से विफल कर दिया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ ने पूरे पंजाब में, खासकर सतलुज और ब्यास नदी के किनारे के इलाकों में, आशंका से कहीं ज्यादा तबाही मचानी शुरू कर दी है। यह राजनीति करने का समय नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सरकार और उसके द्वारा संचालित प्रशासन को जवाबदेह नहीं ठहराया जाना चाहिए।




शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने इस बात पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान लोगों की दुख और परेशानी से बेखबर हैं और ऐसे समय में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने में व्यस्त हैं जब राज्य के लोग बाढ़ के पानी से जूझ रहे हैं। उन्होंने इस कार्रवाई को शर्मनाक और घृणित करार देते हुए आम आदमी पार्टी सरकार से बाढ़ प्रभावितों को तत्काल अंतरिम मुआवजा जारी करने और समय पर राहत प्रदान करने की भी मांग की है।

## जयपुर में हुई अस्ताना एयरलाइंस की आपात लैंडिंग

**जयपुर।** कजाकिस्तान के अल्माटी से दिल्ली जा रहे अस्ताना एयरलाइंस के विमान को मंगलवार सुबह करीब 11 बजे आपात स्थिति में जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। दिल्ली में खराब मौसम के कारण विमान को वहां उतरने में असफलता का सामना करना पड़ा, जिसके चलते दिल्ली हवाई अड्डा प्राधिकरण ने इसे जयपुर के लिए डायवर्ट किया। जानकारी के अनुसार, एयर अस्ताना का विमान केसी-307 ने सुबह 6:50 बजे अल्माटी से उड़ान भरी थी। लगभग तीन घंटे बाद जब यह दिल्ली के निकट पहुंचा, तब मौसम की खराबी के कारण इसे उतारा नहीं जा सका। बाद में मौसम साफ होने पर विमान ने 12:40 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरी और 1:30 बजे वहां सुरक्षित लैंच्डग की।



## भारत-अमेरिका के बीच एक अरब डॉलर के फाइटर जेट इंजन का सौदा

**नई दिल्ली।**

ट्रंप टैरिफ के बीच भारत और अमेरिकी कंपनी एक नए अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिसमें हल्के लड़ाकू विमान तेजस को जेट इंजन मिलेंगे। यह सौदा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के बीच होने जा रहा है। एएनआई ने मंगलवार को रक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड 113 और ऋृए-404 इंजन खरीदने के लिए अमेरिकी कंपनी के साथ बातचीत के अंतिम चरण में है। यह सौदा, जो सितंबर तक पूरा होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, एचएएल इन पावरट्रेन के लिए 80 फीसदी तकनीक हस्तांतरण पर बातचीत कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप सरकार के साथ टैरिफ विवाद शुरू होने के बाद से यह दूसरा सौदा है - 97 और छउअ मार्क 1अ लड़ाकू विमान खरीदने के लिए 62,000 करोड़ रुपये का सौदा पहला था। सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने भारतीय वायु सेना द्वारा ऑर्डर किए गए 83 छउअ मार्क 1अ लड़ाकू विमानों के लिए ऋृए के साथ 99 ऋृए-404 इंजनों का सौदा किया है।



# आज से भारत पर लगेगा ट्रंप का 50% टैरिफ

**नई दिल्ली।**

भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भी अमेरिकी शर्तों के आगे सरकार के नहीं झुकने की कीमत बुधवार से चुकानी होगी। 27 अगस्त से भारत से अमेरिका निर्यात होने वाली वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगेगा जो अन्य देशों की तुलना में सबसे अधिक है। अभी यह शुल्क 25 प्रतिशत का है। इसके अलावा पारस्परिक शुल्क से पहले लगने वाले शुल्क भी लगेंगे। जैसे कार्पेट निर्यात पर अप्रैल के पहले अमेरिका के बाजार में सिर्फ 2.9 प्रतिशत का शुल्क लगता था जो अब 52.9 प्रतिशत हो जाएगा। महंगी हो जाएंगी भारतीय वस्तुएं शुल्क में इस बेतहाशा बढ़ोतरी से भारतीय वस्तुएं अमेरिका के बाजार में काफी महंगी हो जाएंगी और इससे भारत का 30-35 अरब डालर का निर्यात प्रभावित होगा। मुख्य रूप से समुद्री उत्पाद खासकर झींगा, आर्गेनिक केमिकल्स, अपैरल, टेक्सटाइल मेड-अप्स, हीरे व सोने के जेवरात, मशीनरी और मैकेनिकल उपकरण, फर्नीचर और बेड जैसे आइटम के निर्यात प्रभावित होंगे। फार्मा, स्मार्टफोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक और पेट्रोलियम उत्पाद के निर्यात को 50 प्रतिशत के शुल्क से मुक्त रखा गया है। अमेरिका कृषि, डेयरी व मत्स्य जैसे सेक्टर में भारतीय बाजार को पूरी तरह शुल्क मुक्त करवाना चाहता है। जीटीआरआई का अनुमान है कि इससे कुल निर्यात में 43 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस (फियो) के अध्यक्ष एस.सी. रल्हन के मुताबिक अमेरिका के भारी शुल्क की वजह से नोएडा, सूरत, तिरुपुर जैसी जगहों पर निर्यात यूनिट में उत्पादन में कटौती शुरू हो गई है जिससे रोजगार पर असर पड़ेगा।



## संपादक की कलम से

# हिमाचल की चिकित्सा यात्रा

चिड़ियां लवों पे आएं, संघर्ष सडक पे आ जाते हैं। कुछ इस तरह के माहौल का जिक्र इस वक्त प्रदेश के सरकारी अस्पतालों का होने लगा है। पालमपुर अस्पताल के सात डाक्टरों की रुखसती ने भाजपा का मूड विद्रोही बना दिया और सडकों पर निकले जुलूस ने बता दिया कि जनता क्यों तड़पती है। वैसे धर्मशाला के जोनल अस्पताल का आईएसओ रैंक भी अनुमोदित पदों को नहीं भर रहा। जिस अस्पताल में 13 डाक्टरों का टोटा हो उसके लिए वेंटिलेटर चाहिए या मरीजों की हताशा को रोकने का कोई कारण समझ आएगा। सोलन के धर्मपुर की सीएचसी में ही छह डाक्टर उपलब्ध नहीं हैं, तो स्वास्थ्य मंत्री का ताज अपने जिला में बदरंग तो जरूर हुआ। अभी एक चिट्ठी कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री आशा कुमारी की सोशल मीडिया में अर्ज कर रही है कि चंबा के किलाड़ अस्पताल के डाक्टरों के दस पदों की शून्यता मिटाई जाए। वह सलूणी के चिकित्सा केंद्र के लिए अनुमोदित आठ पदों से सात की कमी को खंगालती हुई कई रिक्तियों का हवाला देती हैं। चिकित्सा के मानदंडों में शिकायतों का अंबार अगर लड़ रहा है, तो इसका प्राथमिकता के आधार पर निवारण होना चाहिए। डाक्टरी दक्षता का तो सवाल ही नहीं, यहां तो प्राथमिक गिनती में ही खामियां निकल रही हैं। जाहिर है पालमपुर–धर्मशाला के डाक्टरों को अकसर टांडा में शिफ्ट किया जाता है। ये जो मेडिकल कालेज हैं, इनकी रूपरेखा में पिछले दो दशकों में हिमाचल ने अपनी चिकित्सा व्यवस्था को कमजोर किया है। चिकित्सा सेवाओं के सरकारी आचरण में आ रहे बिखराव के कारण ही निजी अस्पतालों की प्रगति सुनिश्चित हो रही है। हर तरह के एक्सपर्ट डाक्टर, निजी क्षेत्र की पहुंच से हर जगह उपलब्ध हैं। सबसे अधिक हैरान कर देने वाले आंकड़े हार्ट सेक्शन में मिलेंगे, जहां डाक्टरी की स्टंटबाजी में हर दिल में सुराख ढूंढ कर स्टंट चस्पां किया जा रहा है। हैरानी यह कि हमारे सरकारी मेडिकल कालेज वो काम कर रहे हैं जो सरकारी सीएचसी, पीएचसी, सिविल, क्षेत्रीय और जोनल अस्पतालों को कर लेना चाहिए। आश्चर्य यह भी कि सरकारी अस्पतालों में न जच्चा और न बच्चा, और न बुजुर्गों को सुविधा हो रही है। हमारा रैफरल सिस्टम एक ऐसी चिकित्सा यात्रा में तबदील हो चुका है, जो मरीजों को अंत में या तो निजी अस्पतालों के सहारे छोड़ देता है, हमारी चिकित्सकीय मजबूरियां हमें चंडीगढ़ पीजीआई के गेट पर या बाहरी राज्यों के अस्पतालों के एहसास में विश्वास दिलाती हैं। होगा चंबा में मेडिकल कालेज, मगर बिस्तरे तो टीएमसी के भर रहे हैं। होगा नाहन में मेडिकल कालेज, मगर अभी निर्माण के नक्शे में विराम भर रहे हैं। हमारा करिश्मा नेरचौक की कहानी को बिलासपुर के एम्स में पूरा करता है, तो हमीरपुर मेडिकल कालेज के शिलालेख पर रंगस के ख्वाब भर देता है। अस्पताल निर्माण हिमाचल का ख्वाब है। हम सियासी तौर पर संपन्न होते हैं जब बगल में मेडिकल कालेज लेकर चलते हैं, इसलिए उस तारीख का इंतजार है जब ऊना में पीजीआई सेटेलाइट सेंटर के जरिए एक मंच सजेगा और चंद राजनीतिक हस्तियों का ढोल बजेगा। असली दवाई एक गोली है, जो किसी डिस्पेंसरी में मरीज का हाल पूछती है। डिस्पेंसरी में कितने रोग दुरुस्त हो सकते हैं, इसका अनुमान अगर स्वास्थ्य विभाग लगाए, तो यही कार्यशैली सीएचसी, पीएचसी, सिविल, क्षेत्रीय और जोनल अस्पतालों को जीवंत कर सकती है। मेडिकल कालेजों को अगर श्रेष्ठता के स्तर तक पहुंचाना है तो निचले स्तर तक मेडिकल श्रृंखला को भी श्रेष्ठ बनाना पड़ेगा। अगर धर्मशाला के जोनल अस्पताल में एक साथ तेरह डाक्टरों के पद रिक्त होंगे, तो टीएमसी भी बेहाल होगा। वर्तमान सरकार ने आते ही चिकित्सा विभाग की नब्ज पकड़ते हुए इमरजेंसी सेवाओं के विस्तार में सिविल अस्पतालों में भी छह एक्सपर्ट डाक्टर बैठाने की घोषणा की थी7



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



### धूर्तों की सज गई बाजार

कविता

चोरों के घर लगी है यहाँ पे मेला
सत्य बेचारा खड़ा जग में अकेला
कैसी लिख दी रब तुँने ये विधान
शर्मसार है जहाँ पे हर इन्सान

धुर्तों की सज गई है यहाँ पे बाजार
हर बेईमान है इनके बड़े खरीददार
सर्वत्र हो रही है जालिमों की जयकार
कलियुगी का है विचित्र सा संसार

मानवता की हुई अब बात बहुत पुरानी
इन्सानियत को समझे सब कोई नादानी
असुर बुद्धि की बढ़ गई आज मनमानी
अर्श से फर्श तक है इनकी कारिस्तानी

बेईमानों की हो रही सर्वत्र ही सहकार
भलमानसी जग में हो गई जहाँ बेकार
पढ़े लिखे युवा में बढ़ गई बेरोजगार
फिर क्यूं मौन है राज्य की सरकार

फैशन की अंधी चल पड़ी है जहाँ राज
पश्चिमी सभ्यता की है सर पे सरताज
संस्कार की अब ना है समाज में काज
सफेदपोश के दिल में छुपी है बाज

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

*वैसे तो रोजाना ही भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है, लेकिन भादों माह प्रभु की उपासना के लिए अत्यंत शुभ है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था, जिसकी खुशी में देशभर में गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस दौरान भक्तजन घरों, दफ्तरों, दुकानों और मंदिरों में गणपति जी की मूर्ति को स्थापित करते हैं और 10 दिनों तक उनकी विधिनुसार उपासना करते हैं। इसके अलावा प्रभु की विशेष कृपा प्राप्ति के लिए मोदक, मोतीचूर लड्डू, खीर और मालपुआ जैस भोग लगाए जाते हैं, जिसे बेहद शुभ माना जाता है। इस वर्ष 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी मनाई जा रही है। इस दिन गणपति जी की मूर्ति की स्थापना का शुभ मुहूर्त क्या रहेगा, आइए विस्तार से जानते हैं। इस बार भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का प्रारंभ 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट पर होगा। इसका समापन 27 अगस्त की दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर हो रहा है। उदया तिथि के मुताबिक गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा।*

# आज घर-घर में विराजेंगे गजानन



## गणेश चतुर्थी पंचांग

सूर्योदय सुबह 05 बजकर 57 मिनट पर
सूर्यास्त शाम 06 बजकर 48 मिनट पर
चंद्रोदय सुबह 09 बजकर 28 मिनट पर
ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04 बजकर 28 मिनट से 05 बजकर 12 मिनट तक
विजय मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 31 मिनट से 03 बजकर 22 मिनट तक
गोधूलि मुहूर्त शाम 06 बजकर 48 मिनट से 07 बजकर 10 मिनट तक
इस दिन निशिता मुहूर्त रात 12 बजे 12 बजकर 45 मिनट तक

## स्थापना मुहूर्त

ज्योतिषियों के मुताबिक गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना के लिए 27 अगस्त को सुबह 11 बजकर 05 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 40 मिनट तक का शुभ मुहूर्त रहेगा। आप इस अवधि में गणपति जी की मूर्ति की स्थापना कर सकते हैं।

## गणेश चतुर्थी दुर्लभ संयोग

इस बार गणेश चतुर्थी पर प्रीति, सर्वार्थ सिद्धि, रवि के साथ इंद्र–ब्रह्म योग का संयोग बना रहेगा। वहीं कर्क में बुध और शुक्र के होने से लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा। इसके अलावा गणेश चतुर्थी पर बुधवार का महासंयोग तिथि की महत्ता को गई गुना बढ़ा रहा है।

## गणेश चतुर्थी पर विशेष

# गणेश हैं विघ्नहर्ता-मंगलकर्ता एवं जीवंत राष्ट्रीयता के प्रतीक



ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति और धर्मजगत में गणेशजी का स्थान अद्वितीय है। वे विघ्नहर्ता, बुद्धिदाता, मंगलकर्ता और उन्नत राष्ट्र-निमार्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत उनके पूजन के बिना अधूरी मानी जाती है। उनके स्वरूप में ही गहन प्रतीकात्मकता निहित है, हाथी का विशाल मस्तक विवेक और दूरदर्शिता का प्रतीक है, छोटा मुख संयमित वाणी का द्योतक है, बड़े कान अधिक सुनने और कम बोलने की शिक्षा देते हैं, छोटा नेत्र गहराई से देखने की प्रेरणा देता है और विशाल उदर सहिष्णुता व समावेशिता का बोध कराता है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं, ऐसे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव का जन्मोत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को सम्पूर्ण दुनिया में उमंग एवं हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। भारतीय धर्म-दर्शन में गणेश जी ह्यआरंभ के देवताह्ल हैं। वैदिक परंपरा से लेकर पुराणों और लोककथाओं तक, वे हर युग में ह्यमार्गदर्शकह्ल बने रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें ह्यसवोर्पास्यह्ल देवता कहा गया, सभी पंथों, संप्रदायों और वर्गों के लोग उनके पूजन में समान रूप से भाग लेते हैं। गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। जैन एवं बौद्ध धर्मों में भी गणेश पूजा का विधान है। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। गणेश जी का पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का माध्यम भी है। स्वतंत्रता संग्राम के दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को सार्वजनिक रूप दिया। इससे गणेश चतुर्थी केवल पारिवारिक पर्व न रहकर जनजागरण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गई। तिलक ने इसे सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना के मंच के रूप में स्थापित किया, जिसने भारत को स्वतंत्रता संग्राम के लिए एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है। आज के समय में जब समाज विभिन्न मत-मतांतरों, भाषाओं और संस्कृतियों में बंटा दिखाई देता है, तब गणेशजी पुनः राष्ट्रीय एकता के प्रतीक बनकर सामने आते हैं। उनका स्वरूप हमें विविधता में एकता, सहिष्णुता, धैर्य और विवेकपूर्ण निर्णय की प्रेरणा देता है। गणेश जी हमें बताते हैं कि बुद्धि और करुणा का समन्वय ही प्रगति का मार्ग है। आज जब विश्व हिंसा, कट्टरता और असहिष्णुता से जूझ रहा है, तब गणेश चतुर्थी का पर्व हमें समन्वय और सहयोग का संदेश देता है।



# अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की बैठक स्योहारा में सम्पन्न

**वेलकम इंडियन : नितिन शर्मा**



**स्योहारा** । अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की जिला स्तरीय बैठक नगर स्योहारा के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला प्रभारी नितिन शर्मा और जिला महामंत्री मोहम्मद अरशद, चांदपुर नगर अध्यक्ष शक्ति शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने नगर स्योहारा के वरिष्ठ पत्रकार आरिफ हसन जैदी को संगठन का नगर अध्यक्ष नियुक्त करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा।

जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने अपने संबोधन मे कहा कि संगठन का उद्देश्य पत्रकारिता को निष्पक्षता और निडरता के साथ आगे बढ़ाना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि कोई व्यक्ति आर्थिक लाभ की चाह लेकर संगठन से जुड़ता है, तो उसका इस मंच से कोई संबंध नहीं है। यह संगठन केवल उन्हीं पत्रकारों के लिए है, जो सच्चाई को उजागर करने का साहस रखते हैं। जिला प्रभारी नितिन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब पत्रकारों की आवाज को बुलंद करने वाला सबसे बड़ा मंच है। और सभी पदाधिकारी संगठन हित में कार्य करें।

उन्होंने नगर कमेटी की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि जिले और नगर की टीम आने वाले समय में संगठन को नई पहचान दिलाएगी। जिला महामंत्री मोहम्मद अरशद ने कहा कि अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब एक ऐसा संगठन है जो अपने पत्रकारो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है स्योहारा नगर अध्यक्ष आरिफ हसन जैदी ने विश्वास व्यक्त किया कि नगर स्तर की पूरी टीम संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि क्लब पत्रकारों की असली आवाज है और यह मंच समाज की सच्चाई को सामने लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है बैठक में नगर महासचिव फरीद अंसारी ने कहा कि अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम है। उपाध्यक्ष डॉ. इकबाल अहमद ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है और संगठन की असली ताकत इसकी निडर कलम है। कोषाध्यक्ष मोहम्मद इकराम ने कहा कि एकजुटता ही संगठन की मजबूती है और सभी साथियों को मिलकर इसे और सशक्त बनाना होगा। नगर सचिव हसन इमाम नकवी ने कहा कि क्लब का ध्येय जनहित और निष्पक्ष पत्रकारिता को प्रोत्साहन देना है। कानूनी सलाहकार अनुराग भटनागर ने कहा कि संगठन पत्रकारों को हर स्तर पर कानूनी और नैतिक सहयोग देने के लिए तत्पर रहेगा। पत्रकार सुब्हान फरीदी ने कहा कि यह मंच निडर पत्रकारों की आवाज है और सच्चाई की राह पर चलने वालों को ही यहां सम्मान मिलेगा। पत्रकार आकाश तोमर ने कहा कि क्लब युवा पत्रकारों को सही दिशा देने और उन्हें सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों और पत्रकारों ने संकल्प लिया कि अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब को जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेश स्तर पर भी सबसे मजबूत संगठन के रूप में स्थापित किया जाएगा।

# जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में यूनिवर्सल एकेडमी स्कूल की टीम ने जीती ट्रॉफी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** बिजनौर में ग्रेट इंडियन एकेडमी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर स्कूल में ट्रॉफी अपने नाम की। ग्रेट इंडियन एकेडमी की ओर से आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में फुटबॉल मैच खेले गए यूनिवर्सल एकेडमी स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता का मुकाबला यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर एवं मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। इसका समापन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न स्कूलों और क्लब टीमों ने भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यूनिवर्सल एकेडमी स्कूल की टीम ने रोमांचक मुकाबले खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल फिटनेस और खेल भावना का परिचय दिया जिससे दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। इस अवसर पर मौजूद मुख्य अतिथि गौरव डाबरा ने खिलाड़ियों को बधाई दी और विजेता टीम को ट्रॉफी में मेडल प्रदान किया उन्होंने कहा कि ऐसे टूनार्मेंट युवाओं को खेल भावना अनुशासन और टीमवर्क की प्रेरणा देते हैं।

# श्री गणेश मित्र मंडल द्वारा बड़े पंडाल में विशाल भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी


**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर** नगीना श्रीगणेश चतुर्थी महोत्सव के अवसर पर नगर में अनेक स्थानों पर भगवान श्री गणेश प्रतिमा स्थापना की बड़ी धूमधाम के साथ तैयारी चल रही हैं। श्री गणेश मित्र मंडल द्वारा मो मुगलान स्थित बड़े पंडाल में विशाल भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। 27 अगस्त दिन बुधवार को गणपति जी की स्थापना पूजा अर्चना व विधिविधान के साथ की जायेगी। साथ ही नगर में अनेक स्थनों पर श्री गणेश भक्त मंदिरी व घरों में भी मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना करेंगे देवताओं में प्रथम स्थान पाने व पूजे जाने वाले श्री गणेश भगवान का श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव गणेश भक्तों ने धूम धाम से मनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गईं हैं। इस अवसर पर दो मुख्य स्थानों के अलावा अनेक घरों व मंदिरों में श्री गणेश जी की मूर्तियां स्थापित की जायेगी। भोलानाथ मंदिर में श्रीगणेश जी की मूर्ति स्थापना व विसर्जन यात्रा को लेकर गणपति सेवा मंडल की बैठक में सेवा मंडल के अध्यक्ष पवन कम्बोज की अध्यक्षता में संम्पन हुई। सेवा मंडल के अध्यक्ष पवन कम्बोज ने जानकारी दी कि इस वर्ष 27 अगस्त को गणेश जी की मूर्ति स्थापित होंगी व 6 सितम्बर को विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी गत वर्ष कि भांति पीतल की गणेश की मूर्ति स्थापित की जाएगी इसी मूर्ति को विसर्जन यात्रा में शामिल किया जायेगा किन्तु यह मूर्ति विसर्जित नहीं की जाएगी बल्कि हरिद्वार गंगा जी में स्नान कराकर पुनः अगले वर्ष स्थापित करने के लिए वापिस लायी जाएगी वही नगर में सबसे विशाल कार्यक्रम श्री गणेश मित्र मंडल के संचालन में मौ मुगलान में मनाया जायेगा।

# लगातार 19 साल रामपुर में कार्य करने वाले डॉ बृजेश फिर रामपुर आने के मूड में

**वेलकम इंडिया**




**रामपुर!** जिला अस्पताल रामपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर आने वाले डॉक्टर बृजेश चंद्र सक्सेना लगातार रामपुर में 19 साल ड्यूटी करने के बाद एक बार फिर आपने उसी जिले में पहुंच रहे हैं जिस में साढ़े तीन साल पहले थे! अब वह रामपुर के जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बनाए गये है। बागपत में साढ़े तीन साल से कम कार्य करने वाले सीनियर परामर्शदाता के रूप में कार्य करने वाले डा बृजेश चंद्र 2003 से 2022 तक रामपुर में 19 सालों में मेडिकल ऑफिसर, सीनियर मेडिकल ऑफिसर , सीनियर परामर्शदाता के रूप में काफी समय काम कर चुके हैं ।वह 2022 में रामपुर से बागपत सीनियर परामर्शदाता के रूप में चले गए थे ।मगर उनका मन अपना निजी अस्पताल चलाने के कारण वहा नहीं लग पा रहा था इस लिए वह कई दिन रामपुर में रहते थे। एक बार फिर वह रामपुर भेजे गए हैं। नियम के अनुसार एक सरकारी कर्मचारी एक जिले में पांच साल और मंडल में 10 साल ही रह सकता है ।जब कि डॉक्टर बृजेश चंद्र सक्सेना एक ही जिले में 19 साल लगातार ड्यूटी करते रहे। अभी साढ़े तीन वर्ष भी पूरे नहीं हुए थे कि डाक्टर ब्रजेश फिर रामपुर वाफस आ रहे हैं ।ऐसा लग रहा है जैसे बच्चे छुपन छुपय्या खेल रहे हैं, आम लोगों का कहना है कि वह लेन देन करके और सांठ गांठ कर सरकार की आंखों में धूल झोंक कर आ गए हैं। तभी ऐसा हो रहा है। उनकी पत्नी डॉक्टर पदमा गुप्ता जीवन हॉस्पिटल मेटरनिटी सेंटर चलती हैं ।उनकी पत्नी डीजीओ है जब कि डॉक्टर बृजेश चंद्र खुद बच्चों के डॉक्टर हैं जो अपनी पत्नी के साथ बैठकर बच्चों का इलाज किया करते थे इसलिए उनका तबादला कर दिया गया था ।अब एक बार फिर देखना है कि वह अगर अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के रूप में काम करेंगे या अपनी पत्नी के अस्पताल में सेवा करेंगे ।सरकार और जिला प्रशासन को इस तरफ विषेश ध्यान देने की जरूरत है ।याद रहे वह रामपुर में जब तक रहे अपना निजी अस्पताल चलते रहे ।वह इस समय सदर अस्पताल के सीएमएस डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा से काफी जूनियर है,जो सिर्फ. ??.??.??.??/??उळ डाक्टर ही है जब कि डाक्टर वर्मा ??.??.??.??/ ??.?? भी है,उम्र के साथ ही वह काम काज में भी डाक्टर डी.के. वर्मा से काफी जूनियर है ।वहीं डॉ देवेंद्र वर्मा 11000 रेंक के है जब कि डॉ ब्रजेश चंद्रा 11030 रेंक के होने की वजह से काफी जूनियर है ।उनकी इच्छा सिर्फ रामपुर में आने की है ।सरकार को गौर करने की जरूरत है

# चक्रवर्ती गुर्जर-प्रतिहार सम्राट राजा मिहिर भोज की 1189 वीं जयन्ती पर उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की गई




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वावधान में चक्रवर्ती गुर्जर-प्रतिहार सम्राट राजा मिहिर भोज की 1189 वीं जयन्ती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जनपद की चांदपुर तहसील क्षेत्र के मंझौला गुर्जर चौराहा स्थित एस के एम पब्लिक इन्टर कॉलेज के सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ० मनोज कटारिया ने कहा कि चक्रवर्ती गुर्जर-प्रतिहार सम्राट राजा मिहिर भोज गुर्जर-प्रतिहार वंश के सबसे शक्तिशाली सम्राटों में से एक थे। उनका साम्राज्य उत्तर भारत के विशाल भू-भाग में फैला हुआ था और कन्नौज उनकी राजधानी थी। उस समय कन्नौज पर अधिकार करना साम्राज्य की प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता था। सम्राट मिहिर भोज ने अपने साम्राज्य को पश्चिम में गुजरात व राजस्थान से लेकर पूर्व में बंगाल तक और उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में नर्मदा नदी तक फैलाकर (836-885 ईङ्ग) 49 वर्ष तक शासन किया। डॉ० मनोज कटारिया ने कहा कि धार्मिक दृष्टि से सम्राट मिहिर भोज विष्णु के वराह अवतार के उपासक थे। उन्होंने ङ्खआदि-वराहङ्ख की उपाधि धारण की और वे वैष्णव परंपरा के समर्थक थे, परंतु उनके साम्राज्य में अन्य धर्मों एवं परंपराओं को भी स्थान प्राप्त था। उनके शासनकाल में कला, संस्कृति एवं प्रशासनिक व्यवस्था की विशेष प्रगति हुई। चक्रवर्ती गुर्जर-प्रतिहार सम्राट राजा मिहिर भोज को एक महान शासक के रूप में स्मरण किया जाता है, जिन्होंने न केवल अपने साम्राज्य को सुदृढ़ किया, बल्कि उत्तर भारत में राजनैतिक स्थिरता और सांस्कृतिक उत्थान का मार्ग भी प्रशस्त किया। समाज सेवी अनिल कुमार उर्फ बबलू की अध्यक्षता एवं प्रधानाचार्य शिवकुमार कटारिया के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में डायरेक्टर बिजेन्द्र सिंह उर्फ भोलू, नवनीत कटारिया, नरेश कुमार, अनिल कुमार, परम सिंह, मेघराज सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, सुमन देवी, सुनील कुमार आदि ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए याद किया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने गंगा कटान से प्रभावित किसानों से मिलकर उनकी समस्या से प्रशासन को अवगत कराया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर के नजीबाबाद भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने गंगा कटान से प्रभावित किसानों से मिलकर उनकी समस्या से प्रशासन को अवगत कराया भारतीय जनता पार्टी के नेता चौधरी ईशम सिंह ने नजीबाबाद तहसील के नांगल थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर सौजीमल में गंगा जी का जल स्तर बढ़ने से किसानों की जमीन के हो रहे कटान को फसलों के भारी नुक्सान को बूथ अध्यक्ष एवं अन्य पार्टी कार्यकताओं के साथ मौके पर जाकर देखा किसानों एवं ग्राम वासियों के हुए इस नुकसान से प्रशासन को अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी महोदया ने बाढ़ नियंत्रण खंड, आपदा प्रबंधन, एवं राजस्व प्रशासन को निर्देशित किया कि वह किसानों की भूमि कटान एवं फसलों के नुकसान की आंकलन रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें साथ ही ग्रामीण जनों किसानों ने तटबंध बनाकर गांव एवं गांव की जमीन को सुरक्षित करने की अपील की चौधरी ईशम सिंह के साथ भाजपा बूथ अध्यक्ष ध्यान सिंह पाल, मा अजय कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आचार्य विक्रम सिंह, अवनीश जोशी, मंडल मंत्री कृष्ण पाल सिंह,जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा जाहिद हुसैन,सोमपाल सिंह, पवन कुमार पाल, मुख्तार अहमद,नसीम अहमद, अक्षय कुमार,सुशील कुमार,सलेमपुर भट्टा से कुंवर पाल, सूरज सिंह,भूपेंद्र सिंह, मदनपाल, बृजेश पाल, शेखर सिंह, बिट्टू कुमार आदि उपस्थित रहे

# बासमती पर क्षमता विकास कार्यक्रम पर एक गोष्ठी का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर नगीना।** कृषि विज्ञान केन्द्र पर एपीडा, मेरठ के सहयोग से बासमती पर क्षमता विकास कार्यक्रम पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मंगलवार को आयोजित गोष्ठी के अवसर पर एपीडा, मेरठ से डा0 रितेश शर्मा, वैज्ञानिक द्वारा किसानों को गुणवत्तायुक्त बासमती धान की खेती कैसे करें साथ ही बासमती धान के निर्यात के बारे में विस्तृत जानकारी दी, डा0 के0 के0 सिंह, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र ने बासमती धान की उन्नतशील प्रजातियों के बारे में बताया, डा0 राजेन्द्र सिंह, प्रभारी अधिकारी अनुसंधान केन्द्र द्वारा बासमती धान पर चल रही शोध योजनाओं के बारे में तथा डा0 पिन्टू कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ (पादप सुरक्षा) ने धान में लगने वाले कीट व बिमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी, डा. शिवांगी ने खरपतवार प्रबंधन के बारे में बताया, डा0 शकुन्तला गुप्ता, प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा केन्द्र द्वारा बासमती धान पर हो रहें कार्यो के बारे में बताया तथा सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रतिमा ने किया। इस मौके पर डा0 भूपेंद्र कुमार, इंजी० शैलेंद्र कुमार, सेवाराम आर्य एवं किसानों में वीरेंद्र सैनी, राहुल जवान, विजयपाल सिंह, अमन सिंह, मुकेश कुमार, पंकज राना आदि उपस्थित रहें।

# सैंजनी नानकर की समस्याओं को लेकर माननीय जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश महासचिव जुबैद खान द्वारा ग्राम सैंजनी नानकर की समस्याओं को लेकर माननीय जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा जिस ज्ञापन में जब जुबैद खान ने काफी समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है जिसमें सबसे पहले नैनीताल हाईवे से लेकर सैंजनी नानकार में एजाज मियां के मजार तक सड़क की हालत जो खराब है इसके बारे में पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन उसके बावजूद आज तक ना ही सड़क की मरम्मत हुई है और ना ही सड़क का नव निर्माण कार्य किया गया है इसके बाद दूसरी समस्या यह है की ग्राम सैंजनी नानकार में एजाज मियां के मजार के सामने की एक बड़ा टावर लगाने की कोशिश की जा रही है और यह घनी आबादी वाला क्षेत्र है अगर यहां पर टावर लगवाया जाता है तो रेडिएशन फैलने का खतरा बढ़ जाएगा आसपास कई लोग दिल के मरीज भी हैं क्योंकि नशीली दवाई पीने से हमारे नौजवान नस्ल बर्बाद हो रही है वहीं जिला मीडिया प्रभारी फैसल खान ने कहा है कि यह बगैर सोचे समझे टावर लगाने का जो काम चल रहा है यह नहीं होना चाहिए और खास तौर पर घनी आबादी वाली क्षेत्र में टावर नहीं लगने चाहिए और यह जो टावर सैंजनी नानकार में लगाया जा रहा है इस पर शीघ्र रोक लगनी चाहिए क्योंकि लोगों के बीच में जब रेडिएशन फैलता है तो काफी ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ता है जुबैद खान ने बताया कि माननीय जिलाधिकारी ने तमाम समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है।

# जन समस्या के समाधान के लिए अलग-अलग अधिकारियों से की गई वार्ता

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर के नजीबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी का एक शिष्टमंडल क्षेत्र की समस्याओं को लेकर समस्या से संबंधित अधिकारियों से उनके कार्यालय में मिला और समस्या से अवगत कराया। लोक निर्माण विभाग के ल्ल से मिलकर बरसात के कारण टूटी हुई और क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत के लिए अवगत कराया। पूर्ति विभाग के निरीक्षक से मिलकर जरूरतमंदों और पात्र लोगों के शीघ्र कार्ड बनाए जाने के लिए अवगत कराया। थाना प्रभारी से मिलकर लगातार ग्रामीण क्षेत्र से आ रही चोरों व ड्रोन की खबरों पर वार्ता की गई ।भारतीय जनता पार्टी के शिष्टमंडल में-वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला महामंत्री क्षेत्र पंचायत सदस्य चौधरी विक्रम सिंह खोबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष जुगनेश चौधरी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष उदय चौधरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के शादाब राजपूत व राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे ।आपकी सेवा में सदैव तत्पर आपका सेवक भाजपा नेता चौधरी विक्रम सिंह खोबे जनप्रतिनिधि भाजपा क्षेत्र पंचायत सदस्य विधानसभा17नजीबाबादपूर्व जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जनपद बिजनौर।

# टाण्डा तहसील में भाकियू टिकैत की पंचायत का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**टाण्डा(रामपुर)** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकताओं ने स्थानीय तहसील परिसर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार पंचायत की।पंचायत में किसानों ने सड़क, बिजली और बाढ़ से फसल के नुकसान सहित विभिन्न समस्याओं पर रोष जताया। उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

मंगलवार को भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में किसानों का काफिला जिला मुख्यालय से स्थानीय तहसील परिसर पहुंचा।जहां पंचायत का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में किसानों ने एकत्र होकर अपनी समस्याओं पर चर्चा की।हसीब अहमद ने किसानों से फॉर्मर रजिस्ट्री कराने की अपील करते हुए कहा कि यह किसानों को मुख्यधारा में लाने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जरूरी है। भाकियू कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर को 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।जिसमें ग्राम बादली से खुशहालपुर, खुशहालपुर से हमीरपुर तक की सड़कों की मरम्मत, ग्राम हमीरपुर-खुशहालपुर-चौधरपुर में नीची विद्युत लाइनों को दुरुस्त करने, सैदनगर बिजली घर में 10 एमवीए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था, कोसी नदी की बाढ़ से प्रानपुर, लालपुर, ईश्वरपुर, सूरत सिंहपुर आदि गांवों में फसलों के नुकसान का सर्वे कर मुआवजा देने और टांडा में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर व्यापारियों व किसानों का उत्पीड़न रोकने जैसी मांगें शामिल हैं। पंचायत में प्रदेश महासचिव हसीब अहमद, दरियाब सिंह यादव,मंजीत सिंह अटवाल, रामदास मौर्य, सरफराज, रामबहादुर यादव, प्रमोद, छिद्दा नेता, मोहम्मद तालिब, चौधरी राजपाल, जावेद आलम, दरबारी लाल शर्मा, असगर अली, मोहसिन, चौधरी रघुवीर सिंह, चौधरी भोला, नल सिंह यादव, चौधरी शकील, नासिर चौधरी, इरफान ठेकेदार, फहीम चौधरी, शमीम, निजाम चौधरी, फारूक, जुल्फिकार लोदीपुर, असीम ढका नगरिया, विरासत चौधरी, जब्बार चौधरपुर, नबी अहमद, डॉक्टर अनस, डॉक्टर मैराज सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# बदोसराय कोतवाली में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित



वेलकम इंडिया

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कोतवाली टिकैतनगर में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सिरौली प्रीति सिंह ने की बैठक का संचलान क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्रा ने किया।एसडीएम प्रीति सिंह ने दोनों समुदायों के लोगों को प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार त्योहार मनाने के निर्देश दिए। डीजे संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वे केवल धार्मिक गाने ही बजाएं। किसी भी प्रकार के अभद्र गानों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी शीलू अवस्थी ने धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजकों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने प्लास्टिक के गिलासों के बजाय पत्तल और कागज के गिलासों का उपयोग करने की अपील की। बैठक में गणेश पूजा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रेस्टोरेंट मे छात्रा सग दुष्कर्म वकील सघ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डे ने कहा घटना शर्मनाक

विजय द्विवेदी

**प्रतापगढ़** । लालगंज कोतवाली क्षेत्र में स्थित टनाटन रेस्टोरेंट मे नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर लालगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेस्टोरेंट पर छापेमारी की और संचालक और आरोपी को हिरासत में लिया।।

दुष्कर्म पीड़िता ने अपनी मां को बताया कि टनाटन रेस्टोरेंट के एक कमरे में अनूप जायसवाल ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार, अनूप ने उसे धमकी देकर चुप रहने को कहा था। मां की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी अनूप को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया तो पुलिस ने रेस्टोरेंट मालिक जय कौशल को भी हिरासत मे लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों ने रेस्टोरेंट की गतिविधियों पर लंबे समय से सवाल उठाए थे। उनका कहना है कि टनाटन रेस्टोरेंट में पहले भी संदिग्ध गतिविधियां देखी गई थीं, लेकिन इस घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश पैदा कर दिया है। लोगों ने मांग की है कि रेस्टोरेंट की गहन जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। तो वही कुछ लोगो ने स्थानीय पुलिस के प्रति भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि रेस्टोरेंट सचालक सरकार मे शामिल अपना दल का कार्यकर्ता है । इसलिए उसके रेस्टोरेंट की गकत गतिविधियों को नजरअंदाज करते रहे । ?सा कैसे हो सकता है कि एक रेस्टोरेंट मे इस तरह की हरकते हो रही है और पुलिस को पता न हो ? और यदि पुलिस को नही पता तो पुलिस लापरवाह है । ?से लापरवाह पुलिस कर्मियों को सेवा से निकाल बाहर करना चाहिए। वही पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच पूरी पारदर्शिता व गम्भीरता के साथ की जा रही है। उन्होंने कहा, ₹हमने आरोपी अनूप जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है और रेस्टोरेंट संचालक जय कौशल से पूछताछ जारी है।

# सीएचसी सिरौलीगौसपुर में आशा सम्मेलन और सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सीएचसी सिरौलीगौसपुर में आशा सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने की।मंगलवार को डॉक्टर संतोष सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन आशा बहुओं और तीन आशा संगिनियों को पुरस्कृत किया। आशा बहुओं में मरौचा की शांति शुक्ला को प्रथम, बदोसराय की पूजा भारती को द्वितीय और सुमनलता को तृतीय पुरस्कार मिला। आशा संगिनियों में मरकामऊ की सुमन मौर्य को प्रथम, किंतूर की नीतू को द्वितीय और बरोलिया की राधा रानी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा डूडी की अर्चना और किशुनदासपुर की नीलम को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।सीएचसी अधीक्षक ने आशा कार्यकताओं को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को गांव–गांव तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और 0–5 वर्ष के बच्चों का शत–प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें। गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, समय पर टीकाकरण और वजन की निगरानी करें।विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रतिदिन इन क्षेत्रों का दौरा कर रही है। कार्यक्रम में अभय सिंह, शैलेश सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कजरी तीज के अवसर पर धार्मिक स्थलों पर रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कजरी तीज के अवसर पर धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। महाभारत कालीन कुंतेश्वर महादेव मंदिर, पारिजात वृक्ष और बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।श्रद्धालु सैकड़ों बसों, ट्रैक्टर–ट्रॉली, पिकअप और अन्य वाहनों से पहुंचे। भक्तों के जयकारों से पूरा कोटवाधाम गुंजायमान हो उठा। वाहनों की पार्किंग कोटवा धाम से मदारपुर, नोमानी के भट्ठा से बरोलिया, सीतादेवी महाविद्यालय सड़क और बदोसरांय से सिरौलीगौसपुर के विद्युत उपकेंद्र तक की गई।रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अयोध्या, बलिया, अम्बेडकर नगर, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, बाराबंकी, लखनऊ, उन्नाव और कानपुर से श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। सभी ने कुंतेश्वर धाम, पारिजात धाम स्थित पारिजात वृक्ष और बड़े बाबा जगजीवन दास के दर्शन–पूजन किए।स्थानीय प्रशासन द्वारा पूर्व तैयारी न किए जाने के कारण श्रद्धालुओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार सुबह अचानक भीड़ बढ़ने पर जल्दबाजी में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई। महाभारत कालीन कुंतेश्वर महादेव मंदिर और पारिजात वृक्ष के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को काफी भटकना पड़ा।

# लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी द्वारा सफल कावड़ यात्रा व सुचारू कानून व्यवस्था के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया राजीव चौधरी



**गागलहेडी।** उत्तम शिक्षा के साथ साथ खेलकूद व शारीरिक शिक्षा भी है आवश्यक - ए एस पी मनोज यादव उत्तम अनुशासन से ही छात्र प्राप्त कर सकते है जीवन का लक्ष्य - एस डी एम सुबोध कुमार लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी दिनारपुर, गगलहेड़ी में एक सम्मान सभा का आयोजन किया गाया जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सफल कावड़ यात्रा व सुचारू स्थानीय कानून व्यवस्था को स्थापित करने के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय में जिले के आईपीएस श्री मनोज कुमार यादव (अरढ), एस डी एम श्री सुबोध कुमार, थाना प्रभारी श्री प्रवेश शर्मा व एस आई श्री ओमपाल सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सभी गणमान्य अतिथियों के द्वारा सयुंक्त रूप से माँ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गाया। लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी की छात्राओं ने स्वागत गान व पुष्प वर्षा से सभी अधिकारियों का स्वागत किया। तत्पश्चात सभी पदाधिकारी गणों को सत्य श्री कृष्ण इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्री मति सत्यवाती यादव व प्रबंधक श्री नरेन्द्र यादव ने प्रशस्ति पत्र व शौल ओढाकर सम्मानित किया। आईपीएस, एस डी एम व थाना प्रभारी ने बारी बारी सभा को सम्बोधित करते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ने व अपने माता पिता व अध्यापकों का आदर करने वाले प्रेरणा रूपी शब्द कहे, और छात्रों को जागृत करते हुए कहा की किसी भी समस्या व दुर्घटना को महसूस करते ही पुलिस को सूचित करें, पुलिस आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिभा यादव व समस्त अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# एक नशा तस्कर को किया गिरफ्तार कब्जे से अवैध स्मैक बरामद

वेलकम इंडिया राजीव चौधरी

**गागलहेडी।** गागलहेड़ी पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है - थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक नशा तस्कर सुमित उर्फ भूरा पुत्र चंद्रपाल निवासी कोलकी को माजरी से पहले पोपलर के खेत के पास तिवाया के जंगल से गिरफ्तार किया है और इसके पास से 12.05 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है - गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए माननीन न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है - गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार शर्मा,



उप निरीक्षक श्री राशिद खान सूरी, उप निरीक्षक श्री राजकुमार तोमर, हेड कांस्टेबल इरशाद खान व, कांस्टेबल टुकेश आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# 11 हजार पांच सौ रुपये के नकली नोट सहित एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर अगवाल फलाईओवर के पास से 01 अभियुक्त को 11 हजार पांच सौ रुपये के नकली नोट सहित ध्रुव पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम बरनई चतरखा थाना हरपालपुर जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं- 338/25 धारा 179,180 बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि उसकी व एक अन्य व्यकित अंशुल की आन्नद बिहार रेलवे स्टेशन पर चाय व गुटखे की दुकान है। उन दोनो की पहचान एक व्यक्ति रिंकू से हो गयी। रिंकू ने कम समय में अच्छा पैसा कमाने का लालच दिया था। वे रिंकू से पांच सौ के एक नकली नोट को 250 रुपये में खरीदते थे तथा नकली नोटो को वे छोटी-छोटी दुकानो व होटलो में चला देते है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को सलाखों के पीछे भेजा है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है।घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सदर थाना पुलिस लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी गणेश पुत्र रामजीत, जो ग्राम जगदीशपुर ग्रांट, टोला हरैया का रहने वाला है, गुदराही मोड़ से आरोपी पकड़ा गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 26 अगस्त को कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी क्षेत्र में आने वाला है। टीम ने गुदराही मोड़ पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

# हरितालिका तीज पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत, मंदिरों में की पूजा

असदुल्लाह सिद्दीकी

सिद्धार्थनगर। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को हरितालिका तीज आस्था के साथ मनाई गई। पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। शाम को सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने घरों और मंदिरों में शंकर-पार्वती की विधि विधान के साथ पूजा की। पंडितों से कथा सुनी और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। हरितालिका तीज पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने सुबह घर की साफ-सफाई की। पूजा दिन निर्जला व्रत रखने के साथ मिष्ठान, फल-फूल, पूजन और श्रृंगार के सामान की खरीदारी की। हाथों में मेहंदी रचाई। शाम को पुनः स्नान करने के बाद श्रृंगार किया और फिर बांस की डलिया में फल-फूल, पूजन सामग्री रखकर महिलाएं मंदिर पहुंची। यहां सुहागिनों ने विधि-विधान से पूजन कर माता पार्वती को श्रृंगार के सामान



चढ़ाया और भगवान शिव को फल-फूल, मिष्ठान का भोग लगाकर पति की लंबी उम्र की कामना की। शहर के सिंहेश्वरी मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर, बेलहिया दुर्गा मंदिर, पूरानी नौगढ़ शहर के स्थित शिव मंदिर, सहित अन्य मंदिर में पूजा करने और तीज की कथा सुनने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में भी महिलाओं ने निर्जला व्रत रख शिव-पार्वती की पूजा की और पति की लंबी उम्र का आशीर्वाद मांगा। सुहागिन महिलाएं अपने पति के कल्याण और दीघार्यु के लिए यह व्रत करती हैं। शिव ने पार्वती को पूर्व जन्म का स्मरण कराने के उद्देश्य से उन्हें इस व्रत का ध्यान कराया था। ऐसा विद्वानों का कहना है। व्रती महिलाओं ने निर्जल व्रत कर सौभाग्य सूचक वस्त्र आभूषण धारण किया। मेहंदी रचाई और पैरों में आलता लगाया, फिर शिव मंदिरों में पहुंच कर पूजन अर्चन किया। मंगलगीत का गायन किया। तीज व्रत की महिमा का बखान करने के बाद घर लौट कर सास के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। श्रेष्ठ सुहागिन ब्राह्मण पत्नी की पूजा-अर्चना कर दान किया। शहर की रहने वाली अनीता, सत्यवती, अमृता, ज्योति, बबीता वर्मा ने बताया कि भोर में दान करने के बाद व्रत का पारण किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में नीरजा शर्मा ने किया राजाखेड़ा का प्रतिनिधित्व

वेलकम इंडिया

**राजाखेड़ा धौलपुर।** विकसित राजस्थान @ 2047 विजन के अंतर्गत मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित 'सांसदझ्रविधायक संवाद' कार्यक्रम में कोटा, झालावाड़- बारां, टोंक-सवाई माधोपुर, भरतपुर एवं करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्रों के सासंद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, विधायक प्रत्याशी व जिलाध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किए गए संवाद कार्यक्रम में राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने किया। भाजपा नेत्री ने बताया कि संवाद कार्यक्रम में करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र की सांसद प्रत्याशी और सभी आठ विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ विकसित राजस्थान-2047 की रूपरेखा, लोककल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, बजट घोषणाओं की प्रगति तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही सभी से प्रदेश के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित चंबल लिफ्ट परियोजना को बहुत जल्द शुरू करने, प्रति वर्ष चंबल नदी में आने वाली बाढ़ के कारण प्रभावित होने वाले परिवारों के निवास संबंधी समस्या के स्थायी समाधान और नुकसान की भरपाई के लिए समुचित मुआवजा त्वरित दिलाए जाने, धौलपुर न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं हेतु चैंबर निर्माण हेतु अतिरिक्त बजट आवंटन आदि हेतु भाजपा नेत्री द्वारा मांगपत्र सौंपा जिस पर सीएम ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की तरफ से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की कार्यशैली के संबंध में जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी गई। इस दौरान भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेर्दी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, पूर्व विधायक गिरिराज सिंह मलिंगा, सुखराम कोली, शिवचरण कुशवाहा समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# श्रम प्रवर्तन अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर डीएम खफा, कार्रवाई के निर्देश

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोर्टल पर लंबित शिकायतों, विशेषकर 36 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पीएमजेएसवाई विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों का निस्तारण आगामी दो दिनों में सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकताओं को अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए ।उन्होंने जल निगम को तीन दिनों के भीतर सभी शिकायतों का समाधान करने तथा खनन विभाग को तत्काल सभी लंबित शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, दवाओं की उपलब्धता तथा शिक्षा विभाग, नगर पालिका, वन विभाग की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। शिक्षा विभाग को भी लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए ।श्रम प्रवर्तन अधिकारी के बैठक अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने सीडीओ आर सी तिवारी को उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जन समर्पण पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का भी निरीक्षण किया और सभी विभागों को शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, डैशबोर्ड के प्रभावी विश्लेषण, सटीक डाटाबेस तैयार करने तथा आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतकर्ता से संपर्क नहीं हो पा रहा है तो समाधान का सत्यापन स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कराना सुनिश्चित करें ।बैठक में सीडीओ आरसी तिवारी, एडीएम एनएस नबियाल, डीडीओ संगीता आर्या, जिला परियोजना निर्देशक शिल्पी पंत, उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी एवं ललित मोहन तिवारी, तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुलदीप सिंह बने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के मीडिया सलाहकार



वेलकम इंडिया

**इलाहाबाद।** वरिष्ठ पत्रकार श्री कुलदीप सिंह को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद का मीडिया सलाहकार नियुक्त किया गया है। बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से यह निर्णय कुलदीप सिंह के पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए लिया। बार अध्यक्ष श्री राकेश कुमार पांडे बबुआ और महासचिव श्री अखिलेश कुमार शुक्ला ने कहा कि श्री सिंह के अनुभव से बार की गतिविधियों और सूचनाओं को मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने आशा जताई कि कुलदीप सिंह की नियुक्ति से एसोसिएशन की छवि और कार्यप्रणाली को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अन्य प्रमुख पदाधिकारी - सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कमलेश कुमार द्विवेदी, वाइस प्रेसिडेंट अमित कुमार सिंह, विवेक मिश्रा, राजकुमार त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्रा, दिनेश वरुण, जॉइंट सेक्रेटरी (एडमिनिस्ट्रेशन) बैरिस्टर सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी (लाइब्रेरी) शशि कुमार द्विवेदी, जॉइंट सेक्रेटरी (प्रेस) रामेश्वर दत्त पांडे, जॉइंट सेक्रेटरी (विमेन) विंदु कुमारी, ट्रेजरार अंजनी कुमार मिश्र तथा मेंबर ऑफ गवर्निंग काउंसिल भी उपस्थित रहे। श्री सिंह की नियुक्ति पर अधिवक्ताओं और पत्रकारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# पंचायत सहायक अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर मंगलवार को मंडलीय उपनिदेशक (पं) मेरठ मंडल, अमरजीत सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद बुलंदशहर के पंचायत सहायक अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ विकास खण्ड ऊंचागांव एवं खुर्जा के सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री राजेश राघव एवं जगदेव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।पंचायत सहायकों को विभिन्न विषयों जिसमें जीपीडीपी, पंचायत पुरस्कार,पंचायत कल्याण कोष,एसडीजी, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (ढअक),स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम, मातृभूमि योजना, ई ग्राम स्वराज,मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार, बहुउद्देशीय पंचायत भवन, पीएफएमएस, विभागीय वेबसाइट एवं पेमेंट गेटवे आदि विषयों पर मास्टर ट्रेनर सुशील कुमार शर्मा अंकित भड़ाना धीरज शीलर एवं वरिष्ठ फैकल्टी डॉ दीपक सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जनपद बुलंदशहर के जिला प्रोजेक्ट मैनेजर विक्रांत तोमर एवं ओम गुप्ता द्वारा तकनीकी सत्रों के पोर्टल पर प्रदर्शित करते हुए ऑनलाइन कार्यों के बारे में जानकारी दी गई।

# भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा दिव्यांग सेवा शिविर धूमधाम से सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**मथुरा/वृन्दावन।** रुक्मणि विहार, सैक्टर-1 स्थित भक्ति धाम में भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, पटियाला/वृन्दावन के आठवें स्थापना दिवस के अंतर्गत कल्याणम् करोति, मथुरा के सहयोग से दिव्यांग सेवा शिविर आयोजित किया गया ।जिसमें 50 से भी अधिक दिव्यांगों को व्हीलचेयर, वॉकर, ट्राई साइकिल, पैर, कैलीपर, बैसाखी आदि का निःशुल्क वितरण किया गया।

दिव्यांग सेवा शिविर की अध्यक्षता करते हुए विश्वविख्यात भागवताचार्य कृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज ने कहा कि चौरासी लाख योनियों में मनुष्य रूप में जन्म मिलना ईश्वर की बहुत बड़ी कृपा है ।इसीलिए हम सभी का यह प्रयत्न होना चाहिए, कि शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर व्यक्तियों की सेवा करके उन्हें सशक्त बनाएं। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रमुख समाजसेवी व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट अत्यन्त सेवाभावी व परोपकारी संस्था है ।इसके द्वारा जो सेवा कार्य किए जा रहे हैं,वे अति प्रशंसनीय हैं। भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष के. एल. बंसल एवं मुख्य सलाहकार डॉ. आर. के. गर्ग ने कहा कि दीन दुखियों, विकलांगों, निर्धनों, निराश्रितों, असहायों आदि की निस्वार्थ सेवा करना ही हमारे ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष नरेश गोयल, कर्म चंद्र गोयल, अशोक बंसल, मुकेश बंसल, सुधीर सिंगला, जय कुमार गुप्ता, राजकुमार गोयल, मेघराज बंसल, प्रेम कुमार, डॉ. राधाकांत शर्मा, नेहा गोयल, रूपाली सिंगला, संगीता लवानियां, कल्याणम् करोति, मथुरा की टीम से प्रह्लाद पाण्डेय, लोकेश बिष्ट, राजेंद्र नेगी, कुलदीप शर्मा, महिपाल, मोहन गर्ग, अशोक आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।शिविर का समापन वृहद भंडारे के साथ हुआ ।जिसमें असंख्य व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।



# यूरिया का संकट पैदा करने वाले अधिकारियों की मिलीभगत फिर एक बार जगजाहिर:विधायक

असदुल्लाह सिद्दीकी

**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड जोगिया के सहकारी समिति सेहुडा में यूरिया खाद के लिए परेशान लोगों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद सोशल मीडिया पर समिति के सचिव के अस्पताल में भर्ती होने का फोटो भी वायरल होने लगा। वहीं विधायक विनय वर्मा ने मंगलवार को जनता दरबार में समिति सचिव की मौजूदगी का फोटो पोस्ट किया। कहा कि यूरिया का संकट पैदा करने वाले अधिकारियों की मिलीभगत एक बार फिर जगजाहिर हो गई है। अधिकारी सरकार की छवि धूमिल



कर रहे हैं। जोगिया ब्लॉक में स्थित सहकारी समिति सेहुड़ा का सीमित कटहना में स्थित है। मंगलवार को किसान खाद लेने पहुंचे, जिसका वीडियो किसी ने सोशल मीडिया डाल दिया।

# अवैध बसूली से प्रताड़ित रिफाइनरी मजदूर की आत्महत्या को प्रबंधन ने दबाया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी में मजदूरों का शोषण एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा बन गया है, जिससे आहत होकर रिफानइरी मजदूर आत्महत्या तक कर रहे हैं, लेकिन इस ओर रिफाइनरी प्रबंधन का बिल्कुल ध्यान नहीं है। अगर हम बात करें तो रिफाइनरी जैसे बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों को अपनी कठिन स्थिति से जूझते हुए कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसमें वेतनचोरी मुख्य मुद्दों में से एक है। आम समस्याएं जो मजदूरों को झेलनी ही पड़ती हैं। मजदूरों को अक्सर उनके काम के मुकाबले बहुत कम वेतन मिलता है, जो भी मजदूरों को वेतन मिलता है, उसमें से ठेकेदार मजदूरों का गेटपास रिन्यूअल कराने के नाम पर अवैध बसूली करते हैं। जो भी मजदूर अवैध बसूली का विरोध करता है, उस मजदूर का गेट पास ठेकेदार रख लेते हैं और उस मजदूर की जगह पर ढ़ेड़ से दो लाख रूपए लेकर दूसरे किसी मजदूर को रख लिया जाता है। पूर्व में हटाए गए ऐसे काफी रिफाइनरी मजदूर हैं, जिन्हें अवैध बसूली का विरोध करने पर नौकरी से हटा दिया गया और अवैध बसूली से प्रताड़ित होकर रिफाइनरी मजदूर ने आत्महत्या तक कर ली है। अगर मथुरा रिफाइनरी में ऐसी गंभीर समस्याएं मौजूद हैं, तो यह समस्या केवल वहां तक सीमित नहीं है, ऐसे में सरकार और कंपनियों का यह दायित्व भी बनता है कि वे मजदूरों की स्थिति में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाएं। लेकिन मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल हैं कि उनके राज में वेतन चोरी को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ मजदूरों का शोषण भी चरम सीमापार कर चुका है, रिफाइनरी मजदूर की आत्महत्या पर मामला बढ़ता हुआ देखकर रिफाइनरी प्रबंधन ने पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन कॉन्ट्रेक्ट वर्कर्स मथुरा रिफाइनरी यूनिट के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी को बुलाकर सीजीएम-एचआर अनिल कुमार ने बंद कमरे में गुपचुप तरीके से वार्ता की। मजदूरों में यूनियन लीडर और रिफाइनरी प्रबंधन के बीच हुई गुपचुप वार्ता की चर्चा है कि, रिफाइनरी प्रबंधन ने यूनियन लीडर मधुवन दत्त चतुर्वेदी को ऐसी क्या लॉलीपॉप दी है, जिसकी वजह से यूनियन लीडर ने मजदूर की आत्महत्या के मामले में चुप्पी साधते हुए मजदूरो हितों के लिए किए जा रहे आंदोलन और भूखहड़ताल को पन्द्रह दिनों तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

# जिले में राशन कार्ड में बड़ी सफाई, फर्जी, मृतक, और अमीर होंगे बाहर

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद में उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन व्यवस्था) में पारदर्शिता लाने और सही पात्र लोगों तक ही सुविधा पहुँचाने के लिए बड़ा कदम उठाया है ।खाद्य रसद विभाग के पोर्टल पर अपात्र लोगों का डाटा सामने आया है ।जिनमें झ 2 लाख से ज्यादा सालाना आय वाले 8647 परिवार,3 लाख से ज्यादा सालाना आय वाले 7550 परिवार,25 लाख से ज्यादा टर्नओवर वाले 85 परिवार,डुप्लीकेट राशन कार्ड धारक 1767,12 महीने से राशन न लेने वाले 1005 लोग ।पीएम किसान में 5 एकड़ से ज्यादा जमीन वाले 1125 किसान ।100 साल उम्र दिखाने वाले 11,हल्की गाड़ी (छटश) धारक 2967 लोग ।कुल मिलाकर 33,369 अपात्र लाभार्थियों की सूची मिली है ।अब जिलाधिकारी की टीम इसका सत्यापन और डिलीट करने का काम करेगी। अब तक जिले में 48,995 फर्जी/मृतक/अपात्र यूनिट्स डिलीट की जा चुकी हैं ।सरकार ने साफ कहा है सभी राशन कार्डधारक 31 अगस्त 2025 से पहले अपने नजदीकी उचित दर विक्रेता (दुकानदार) के पास जाकर ई-केवाईसी कराए नहीं तो राशन कार्ड से नाम हट सकता है।

# ललियाना मारपीट प्रकरण में दो सगे भाई गिरफ्तार, जेल भेजे गए



वेलकम इंडिया

**किठौर।** ललियाना गांव में 15 दिन पहले हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। बीती 12 अगस्त को ललियाना निवासी फारूख पुत्र अलीमुद्दीन ने थाना किठौर में तहरीर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के साबिर, साकिब पुत्र उम्मेद, अंजार, समीर, आसिम पुत्र इकराम और अफजाल पुत्र इकबाल ने उनके परिजनों पर हमला कर दिया था। आरोप है कि आरोपियों ने नासिर पुत्र कमरुद्दीन और दानिस्ता पत्नी फहीम के साथ गाली-गलौच की और लाठी-डंडों से मारपीट की। घटना में दानिस्ता गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उनके चेहरे पर लाठी लगने से नाक की हड्डी टूट गई। पीड़िता का इलाज अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद मंगलवार सुबह दबिश देकर आरोपित साबिर और साकिब को ललियाना-गेसूपुर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गांव में पुलिस की कार्रवाई के बाद पीड़ित पक्ष ने राहत की सांस ली है। वहीं, अन्य नामजद आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# हमलावरों के गिरफ्तारी, दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया



नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट प्रयागराज (एनयूजे) जिला इकाई के संरक्षक पवन द्विवेदी, परवेज आलम तथा जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव के नेतृत्व मे एनयूजे आई प्रयागराज का प्रतिनिधी मंडल जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा से मिलकर मुख्यमंत्री उतर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन आज सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग किया कि नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश कोषाध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार अनुपम चौहान तथा उनकी पत्नी पर बीते 20 अगस्त को रात्रि 10.45 पर लखनऊ के गोमती नगर मे बेब पिक्चर हाल के पास अराजक तत्वो ने जानलेवा हमला कर दिया, जब वह अपनी बीमार पत्नी का एमआरआई कराकर घर वापस लौट रहे थे। अनुपम चौहान ने एफआईआर कराने की बात कही तो मुंशी पुलिया चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियो ने समझौता कराने के लिए दबाव बनाने लगे। एनयूजे प्रयागराज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि हमलावारो की शीघ्र गिरफ्तारी हो और पुलिसकर्मियो की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालो प्रतिनिधी मंडल मे पवन दिवेदी परवेज आलम कुन्दन श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव अखिलेश शुक्ला मनीष दिवेदी आयुष श्रीवास्तव कुलदीप सिंह रामबाबू मो0 शकील खान गौरव त्रिपाठी जीतेद्रं सिंह शिव पान्डेय अमित श्रीवास्तव भाल चद्रं पान्डेय शिव जी मालवीय मनोज कुमार देवेद्रं शुक्ला संजय निषाद बिहारी प्रताप यादव डॉ सुधाकर त्रिपाठी आदि लोग थे।


# गढ़मुक्तेश्वर पुलिस के द्वारा गैंगस्टर एक्ट बदमाश की एक करोड़ 90 लाख 3000 की संपत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही से मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




हापुड़ जनपद गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने डीआईजी कला निधि नैथानी परिक्षेत्र मेरठ के आदेश अनुपालन में एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के निर्देशन में गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार की पुलिस टीम के द्वारा संगठित गिरोह बनाकर संपत्ति अर्जित करने वाले बदमाशों के विरुद्ध की जा रही कमरतोड़ कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार के द्वारा संगठित गैंगस्टर अपराध के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत शातिर अपराधी द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गयी अचल सम्पत्ति 03 प्लॉट (कीमत करीब एक करोड़ 03 हजार रुपए) व कृषि भूमि (कीमत करीब 90 लाख रुपये) कुल कीमत करीब एक करोड़ 90 लाख 03 हजार रुपये को कुर्क करने की कार्यवाही की गई है ।आपको बता दे कि अभियुक्त मुकेश गैंगस्टर एक्ट में वांछित शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु अवैध संसाधनों से धन अर्जित कर जनपद गाजियाबाद में 03 प्लॉट व जनपद बुलन्दशहर में कृषि भूमि खरीदी गई थी। जिनके जब्तीकरण की कार्यवाही की गई है।

# लीला का कलाकारों द्वारा शानदार ढंग से मंचन किया गया



बुलंदशहर आहार क्षेत्र के गांव बामनपुर में ग्रामीण सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीरामलीला में ताड़का बध करते हुए सुबाहु मारीच राक्षस का वध करते हुए, विश्वामित्र बने सुभाष चंद्र,राम बने अप्पन सिंह,लक्ष्मण बने सुरेश माहुर सीता स्वयंवर में जाते समय जनकपुरी की शोभा वर्णन करते हुए जनकपुरी में प्रवेश करने तक की लीला का शानदार ढंग से मंचन किया गया। कैकेई मन्थरा संवाद, कैकेई दशरथ संवाद, सीता राम संवाद,लक्ष्मन राम संवाद, माता कौशल्या से राम सीता लक्ष्मण वन जाने की आज्ञा लेने तक की लीला का बुकलाना के गौरी श्रीरामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। इस अवसर हरीश शर्मा, टेकचंद लोधी, राहुल लोधी, धर्मेंद्र ठाकुर प्रधान केला देवी, तेजवीर सिंह, करनसिंह,शिवम शर्मा, भूपेंद्र गिरी, जंगलिया सिंह आदि मौजूद रहे।

# बरेली की सड़कों और फुटपाथों पर फैले कब्जे को हटाने के लिए उतरी नगर निगम की टीम



वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य

**बरेली।** शहर की सड़कों और फुटपाथों पर फैले कब्जे को हटाने के लिए नगर निगम ने मंगलवार को जोरदार अभियान चलाया। इस अभियान को लेकर निगम की टीम के कर्मचारियों ने पहले प्रभा टॉकीज से लेकर चौकी चौराहा, पुलिस लाइन रोड होते हुए चौपला पुल तक सख्ती दिखाते हुए दुकानदारों और ठेलेवालों का सामान उठवा दिया। इतना ही नहीं, बड़े अतिक्रमणकारियों से मौके पर 44,500 रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। सोमवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक में अतिक्रमण का मुद्दा गरमाया था। इसके अगले ही दिन यानी मंगलवार को निगम की टीम मैदान में उतर आई। अभियान का नेतृत्व कर रहे राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि फुटपाथ और सड़क किनारे लंबे समय से कब्जा किया जा रहा था। कई बार कार्रवाई के बावजूद ठेले और टीन शेड दोबारा खड़े कर दिए गए थे। कार्रवाई के दौरान फुटपाथ पर खड़े ठेले, दुकानों के आगे रखा सामान और टीन शेड हटवाए गए। टीम ने चेतावनी भी दी कि दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ अब सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निगम अधिकारियों का कहना है कि अभियान यहीं नहीं थमेगा। आने वाले दिनों में शहरभर में लगातार कार्रवाई चलेगी, ताकि यातायात सुचारू हो और राहगीरों को राहत मिल सके।

# सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों किया गिरफ्तार

एहसान अंसारी




**नई दिल्ली:** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अशोक विहार थाने में तैनात दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को कथित तौर पर एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया. सीबीआई ने इस मामले में 25 अगस्त 2025 को प्राथमिकी दर्ज की थी. पीटीआई के मुताबिक, सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एक हेड कांस्टेबल ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने के बदले तीन लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी.हालांकि, बातचीत के बाद दो लाख रुपए पर सहमति बनी और यह आश्वासन दिया गया कि प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी तथा शिकायत पर कार्रवाई बंद कर दी जाएगी. आरोपी हेड कांस्टेबल ने 25 अगस्त को ही शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए अग्रिम तौर पर लेने की मांग की. हेड कांस्टेबल ने सोमवार को शिकायतकर्ता से रिश्वत की पहली किस्त के रूप में एक लाख रुपए कथित तौर पर मांगे थे.

सीबीआई प्रवक्ता ने बयान में बताया है कि, ह्यह्यसीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी हेड कांस्टेबल को शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया.ह्न एजेंसी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ और मामले की आगे की जांच जारी है.

सीबीआई की लोगों से खास अपील: भ्रष्टाचार पर सख्ती बरतने के अपने संकल्प को दोहराते हुए सीबीआई ने कहा कि जो भी नागरिक रिश्वतखोरी का शिकार होते हैं या फिर उन्हें इस तरह की मांग की जाती है, तो वे सीधे सीबीआई से संपर्क कर सकते हैं. इसके लिए दिल्ली स्थित एसीबी कार्यालय पहुंच सकते हैं या फिर 011-24367887 और मोबाइल नंबर 9650394847 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं.

## कपुरपुर थाना पुलिस ने दहेज लालची हत्यारोपी पति को अल्प समय में धर दबोचा

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




हापुड़ जनपद के थाना कपूरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार पांडेय की पुलिस टीम ने दहेज के लालच में पत्नी को मौत के घाट उतारने वाले पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।बता दें कि हापुड़ जिले के थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव नारायणपुर बासका में रविवार को एक विवाहिता की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। सूचना पर वह पहुंची कपूरपुर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया था।राजकुमार सिंह ने बताया कि गौतमबुद्धनगर जनपद की तहसील दादरी के गांव बंबाबड़ के अमर सिंह पुत्र स्वर्गीय वीर सिंह की बेटी तनु की शादी 4 मई 2023 को जनपद हापुड़ के कपूरपुर क्षेत्र के गांव नारायणपुर बासका निवासी राहुल के साथ हुई थी। शादी के बाद तनु ने एक बेटी को जन्म दिया। रविवार की सुबह महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। सूचना पर मायके वाले भी मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया। थाना कपूरपुर पुलिस ने तनु की हत्या के आरोप में उसके पति राहुल पुत्र सतपाल निवासी गांव नारायणपुर बासका की मढैया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## रामगंगानगर आवासीय कॉलोनी के एक घर की तीसरी मंजिल पर चल रही थी कीटनाशक की दुकान, जिला कृषि अधिकारी ने रद्द किया लाइसेंस

वेलकम इंडिया/मोहम्मद खालिद



**बरेली।** रामगंगानगर आवासीय कॉलोनी के एक घर की तीसरी मंजिल पर चल रही एक कीटनाशक की दुकान का नियम विरुद्ध जारी लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। बहेड़ी निवासी विजय सिंह द्वारा सीएम पोर्टल पर की गई शिकायत के आधार पर इस मामले में कार्यवाई की गई है। शिकायत की जांच करते हुए जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने मौके पर पहुंचकर सत्यापन किया। जांच में आरोप सही पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। जिला कृषि रक्षा विभाग के बाबू ललित पटेल, जो वर्ष 2002 से विभाग में कार्यरत हैं, ने 26 फरवरी 2018 को रामगंगानगर योजना के सेक्टर-5, ब्लॉक-4, मकान नंबर-303 की तीसरी मंजिल के फ्लैट को दुकान दिखाकर कीटनाशक का लाइसेंस जारी कर दिया। लाइसेंस नंबर 3022 रिसर्च कम्यूनिकेशन नामक फर्म के नाम पर जारी हुआ था, जिसकी निदेशक किरण सिंह हैं। सूत्रों का कहना है कि तत्कालीन जिला कृषि रक्षा अधिकारी अर्चना प्रकाश वर्मा ने मौके पर सत्यापन किए बिना ही बाबू ललित पटेल की आख्या या कहें की सिफारिश पर लाइसेंस जारी कर दिया। इसी लाइसेंस के आधार पर बाबू और फर्म के लोग मिलकर सरकारी सब्सिडी वाले कीटनाशकों की कालाबाजारी करते रहे। लाइसेंस में दुकान की चौहद्दी पूरब-पश्चिम में 30-30 मीटर चौड़ी दिखाई गई थी, जबकि मौके पर वह जगह एक फ्लैट की तीसरी मंजिल निकली। जांच में यह भी पाया गया कि लाइसेंस में दर्शाए गए पते और वास्तविक स्थिति में भारी अंतर था। पिछले सात सालों से इस लाइसेंस के सहारे नगर निगम व नगर पंचायतों में अवैध सप्लाई करके किसानों के हक का कीटनाशक बाजार में बेचा जा रहा था। फर्म मालिक किरण सिंह ने अपने घर की तीसरी मंजिल पर ही जहरीली कीटनाशक दवाओं का स्टॉक जमा कर रखा था। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई थी कि बरसात में ये दवाएं नमी के कारण रिसकर आसपास के घरों में फूड पॉयजनिंग, सांस, दमा और नेत्र रोग जैसी गंभीर समस्याएं फैला सकती थीं।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में हड़कंप,आधा दर्जन छात्राएं बीमार

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही आधा दर्जन से अधिक छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। छात्राओं की बिगड़ती हालत देख विद्यालय स्टाफ में हड़कंप मच गया और तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस टीम ने सभी बीमार छात्राओं को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।अस्पताल में तैनात चिकित्सकों ने छात्राओं की जांच कर प्राथमिक उपचार दिया। राहत की बात रही कि किसी छात्रा की हालत गंभीर नहीं थी। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

अचानक छात्रावास में पढ़ाई कर रही छात्रा इच्छा, कृष्णावी, नंदिनी, सोनिया, मनीषा, वर्षा, एवं पायल बीमार पड़ने से विद्यालय परिसर और छात्रावास में दहशत का माहौल बन गया, वहीं छात्राओं के अभिभावकों विद्यालय स्टाफ ने जानकारी दी ।सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में वायरल फीवर और अन्य मौसमी बीमारियों के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। बीमार हुई छात्राओं को भी वायरल संक्रमण की समस्या थी। सभी को समय पर दवा और आराम की सलाह दी गई है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को सतर्क बरतने एवं छात्राओं के खानपान और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने की सलाह दी है। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि छात्रावास में रह रही अन्य छात्राओं की भी स्वास्थ्य जांच कराई जा रही है और आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

## बरेली में छांगुर गैंग जैसा नेटवर्क सक्रिय... अलीगढ़ निवासी महिला के नेत्रहीन बेटे के धर्मांतरण का आरोप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** बरेली में धर्मांतरण का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद अब पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह का भंडाफोड़ किया है। अलीगढ़ निवासी महिला अखिलेश कुमारी ने आरोप लगाया था कि उसके नेत्रहीन बेटे प्रभात उपाध्याय को शादी का लालच देकर जबरन मुसलमान बनाया गया और उसका नाम हामिद रख दिया गया। महिला की तहरीर पर थाना भुता पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। पीड़िता अखिलेश कुमारी पत्नी स्व. अरविन्द उपाध्याय निवासी इन्द्रपुरी क्वार्सी, थाना महुआ खेड़ा, अलीगढ़ ने तहरीर दी थी कि उसका बेटा प्रभात (नेत्रहीन) एम. फिल व पीएचडी करने के बाद इंटर कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत है। लेकिन कुछ समय से उसका संपर्क अब्दुल मजीद, महमूद बेग, सलमान और आरिफ नामक लोगों से बढ़ गया था। महिला का आरोप है कि उसके बेटे को शादी और मुस्लिम लड़की से निकाह के लालच में धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाला गया। बाद में जब वह फैजनगर (थाना भुता) स्थित मदरसे में बेटे को खोजने पहुँची, तो मजीद और उसके साथियों ने धमकी देते हुए कहा कि ̧तुम्हारे बेटे का धर्मांतरण करा दिया गया है, अब वह हामिद हो चुका है।̧ माँ ने पुलिस को बताया कि बेटे की कमजोरी (नेत्रहीनता) का फायदा उठाकर उसे बहकाया गया और जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया। उसके पास बेटे की बातचीत से जुड़े प्रमाण और डायरी मौजूद है, जिसमें कई संदिग्ध नाम दर्ज हैं। इस मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए गिरोह का पदार्फाश किया है। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर इंटेलिजेंस यूनिट सक्रिय हुई और भुता निवासी अब्दुल मजीद (सरगना) समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी सिटी अंशिका वर्मा के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में मजीद के साथ सलमान, आरिफ और फहीम शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया है कि इस गिरोह का नेटवर्क छांगुर गैंग जैसा है और यह पूरे देश में सक्रिय है। गिरोह लोगों का ब्रेनवॉश कर उनका धर्म परिवर्तन कराता है। जांच में सामने आया है कि गिरोह ने पहले भी शहर के सुभाष नगर निवासी बृजपाल और उसकी बहन का धर्म परिवर्तन कराया था। पहले बृजपाल को बहलाकर उसकी शादी मुस्लिम लड़की से कराई गई और फिर उसकी बहन का निकाह मुस्लिम युवक से कराया गया। एसएसपी ने कहा कि मामले की गहनता से जांच हो रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## उ.प्र. बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन हरिशंकर सिंह का गोवर्धन तहसील में हुया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन हरिशंकर सिंह सोमवार को गोवर्धन तहसील में अधिवक्तायों के बीच पहुंचे। तहसील गोवर्धन में अश्वनी शुक्ला एडवोकेट के साथ तहसील के अधिवक्तायों ने उ.प्र. बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर सिंह का फूलमाला, पटुका, उपन्ना, एवं गिरिराज जी का विशाल चित्रपट देकर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन हरि शंकर सिंह पहली बार जनपद मथुरा की गोवर्धन तहसील आये। समारोह में पूर्व चेयरमैन हरिशंकर सिंह ने कहा कि अधिवक्ता हित के काफी दिनों से रुके कार्यों का तेजी से निस्तारण और अधिवक्ता हित से जुड़े तमाम प्रकरणों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। अधिवक्ताओं से जुड़ी मांगों को प्रदेश सरकार से बातचीत कर जल्द पूरा कराया जाएगा। मथुरा से आये अश्वनी शुक्ला एडवोकेट ने उनके स्वागत में कहा कि हरिशंकर सिंह के आगमन से अधिवक्ताओं को नई उर्जा मिली है। अश्वनी शुक्ला एडवोकेट ने मांग रखी कि आप अधिवक्ता प्रोटक्शन बिल को सरकार के सामने रखकर उसका लाभ सभी अधिवक्तायों को दिलवाएं। वही स्वागत समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे। और बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन हरी शंकर सिंह को आगामी चुनावों में पूर्ण समर्थन का वादा किया। स्वागत समारोह में एडवोकेट भारत उपाध्याय, लक्ष्मण सिंह गुर्जर, बी.पी गौतम, विक्रम ठाकुर, भानु प्रकाश गौतम, ब्रजमोहन ठाकुर, इंद्र भूषण कौशिक, गीतम फौजदार, सत्यवीर सिंह सोलंकी, महेश सिंह कुंतल, प्रियदर्शनी, श्याम बिहारी सक्सेना, सतीश ठाकुर, कमल अग्रवाल, विक्रम ठाकुर, सतीश जांगिड़, बृजेश शर्मा, देशराज गुर्जर शेखर चौधरी, सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## नगर पालिका मे बोर्ड बैठक,करोड़ों के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर पालिका परिषद में मंगलवार को आयोजित हुई बोर्ड बैठक ऐतिहासिक साबित हुई। ढाई साल बाद पहली बार सभी 25 वार्डों के सभासद एक साथ बैठक में पहुंचे और सर्वसम्मति से करोड़ों रुपये के विकास कार्यों पर मुहर लगाई। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम एवं अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा सिंह ने की। बैठक में नगर पालिका के कर्मचारी, सभी सभासद, आदि लोग मौजूद रहे ।बैठक में सभी सभासदों ने अपने-अपने वार्डों से जुड़ी समस्याएं सामने रखीं। जिनमें मुख्य रूप से सड़क, नाली, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, जर्जर भवन, अतिक्रमण और प्रकाश व्यवस्था जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। सभी ने एक स्वर में कहा कि विकास कार्यों में अब किसी प्रकार की राजनीति या गुटबाजी नहीं होनी चाहिए। बोर्ड बैठक में सभी सभासदों ने स्वतः कर प्रणाली का विरोध करते हुए इसे तत्काल निरस्त किए जाने की मांग की। इस पर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच समिति गठित करने और जल्द ही समाधान निकालने का आश्वासन दियासभासद जावेद खान ने कहा कि नगर में विकास कार्यों को गति देने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाना जरूरी है। उन्होंने मरकज मस्जिद के निकट मरकज चौक की स्थापना और फवारा लगाने की मांग रखी। सभासद अरुण गर्ग ने पालिका कर्मचारियों पर जनसुनवाई नहीं करने और सूचना उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया। जिस पर अध्यक्ष ने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनने के निर्देश दिए। सभासद मुस्तफा जंग ने बाईपास मार्ग से रेलवे स्टेशन तक सोलर लाइट लगाने और रेलवे स्टेशन के समीप रैन बसेरे की स्थापना की मांग रखी ।सभासद यशु सैनी ने अपने वार्ड में बाबा साहेब की प्रतिमा का सौंदर्यकरण और पेयजल सुविधा के लिए फ्रीजर की मांग की ।सभासद वकील अहमद ने नगर में जल निकासी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई जगह पुलिया जाम हो चुकी हैं, जिन्हें तत्काल बनवाकर समस्या का निस्तारण कराया जाए।

## सर्वेश कुमार सिंह बने कलम कारों के दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन आफ जर्नलिस्ट्स (उपज) की आम सभा में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट ,उपज मथुरा के अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने बताया कि उपज की आम सभा रविवार को शिवपुर वाराणसी स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में संपन्न हुई। निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी राजीव शुक्ल ने संपन्न कराई ।कार्यकारिणी में 13 पदाधिकारी और 14 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि भाजपा नेता सदस्य विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह ,विशिष्ट अतिथि के रूप में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा और महामंत्री त्रियुग नारायण तिवारी, राष्ट्रीय महिला संयोजक श्रीमती आभा निगम उपस्थित थीं। मंच पर उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह, महामंत्री आनंद कर्ण, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद तिवारी, निर्वाचन अधिकारी राजीव शुक्ल, आयोजक इकाई के अध्यक्ष विनोद बागी और महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी राजीव शुक्ला ने प्रांतीय आम सभा में सर्वसहमति के बाद निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों के निर्वाचन की घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह (लखनऊ) को दूसरी बार कलम कारों ने अपना प्रदेश अध्यक्ष चुना ।महामंत्री आनन्द कर्ण रायबरेली,उपाध्यक्ष विनोद बागी,मो.बिलाल किदवई,दिलीप कुमार गुप्ता,राकेश कुमार सिंह, बरेली,अजय कुमार, सलिल कुमार मिश्र आदि रहे।

# सब रजिस्ट्रार और आरके कार्यालय का ताला तोड़कर व दीवार में कुंबल कर चोरी का प्रयास

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** तहसील परिसर में सोमवार की रात्रि बदमाशों ने सब रजिस्ट्रार और आरके कार्यालय का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। मंगलवार सुबह कर्मचारियों को सब रजिस्ट्रार कार्यालय की दीवार में कुंबल लगा मिला और आरके कार्यालय का ताला टूटा हुआ था। चोरी की वारदात सामने आने पर बार एसोसिएशन मोदीनगर के अधिवक्ता बिफर पडे और तहसील पर प्रदर्शन कर पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर रोष जाहिर किया। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस की दो टीमें जांच कर रही हैं। बता दे तहसील परिसर में एसीपी अमित सैक्सना और एसडीएम अजित कुमार,तहसीलदार सहित अन्य सरकारी अधिकारियों के कार्यालय मौजूद है। वहां सोमवार की देर रात रजिस्ट्रार के कार्यालय में कुंबल कर चोरी की घटना हुई। चोरों ने ताले तोड़कर कार्यालय से सामान पार कर लिया। घटना सीसीटीवी में कैद हो चुकी है और पुलिस अब फुटेज खंगालकर जांच में जुटी है। घटनास्थल एसीपी कार्यालय से मात्र 20 मीटर की दूरी पर है। अभी तक किसी कागजात या नगदी की चोरी की पुष्टि नहीं हुई है। चोरी की घटना के बाद तहसील कर्मचारियों और वकीलों में आक्रोश पनप गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगबीर सिंह,नेतृत्व में तहसील परिसर में वकीलों ने जमकर हंगामा किया और धरना दिया। वकीलों का कहना है कि बीते माह उनके कई कार्यालयो में भी चोरी हो चुकी है और अब रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। बदमाशों की इस दुस्साहसिक कार्रवाई से पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। उधर,इस घटना के बाद एसीपी अमित सैक्सना,थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जांच की। उन्होंने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को घटना का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# डॉ. विक्रांत जावला राष्ट्रीय लोकदल जिला गाजियाबाद के प्रभारी बनाए गए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल शामली के कर्मठ,जुझारू एवं शिक्षित नेता तथा राष्ट्रीय लोकदल हस्तिनापुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महासचिव शामली जिले के निवासी डॉ. विक्रांत जावला को गाजियाबाद जिले का रालोद का प्रभारी नियुक्त किए गए है। रालोद गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी तथा राष्ट्रीय लोकदल हस्तिनापुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। डॉ. जावला लगभग 2 दशकों से राष्ट्रीय लोकदल की सेवा कर रहे हैं और लगातार चौधरी जयंत सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। यह दायित्व उनके लिए गर्व का विषय है। वक्तव्य- डॉ. विक्रांत जावला ने कहा कि संगठन विस्तार को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि प्रत्येक वर्ग तक राष्ट्रीय लोकदल का संदेश पहुँच सके। रालोद गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने डॉ. विक्रांत जावला को जिला गाजियाबाद प्रभारी बनाये जाने पर शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार डॉ. विक्रांत जावला को समस्त जिला कमेटी व कार्यकताओं की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

# रालोद ने योगेंद्र सिंह पतला एवं जितेंद्र उर्फ बिट्टू खंजरपुर को हापुड़ जिला प्रभारी किया नियुक्त

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के निर्देश पर क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह के अनुमोदन पर, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र सिंह पतला एवं जितेंद्र उर्फ बिट्टू खंजरपुर को हापुड़ जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। दोनों को बड़ी व नई जिम्मेदारी पद मिलने पर पार्टी के कार्यकताओं ने उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है तथा कहा कि पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी । जितेंद्र बिट्टू खंजरपुर ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह पुरी ईमानदारी के साथ पालन करते हुए संगठन के कार्य को मजबूती प्रदान करेंगे।

# आरकेजीआईटी एमबीए विभाग में ओरिएंटेशन प्रोग्राम: परिचय 2025 का आयोजन

वेलकम इंडिया



**(अनिल वशिष्ठ)।** आरके जीआईटी के एमबीए डिपार्टमेंट ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए 5 दिवसीय (25-29 अगस्त) ओरिएंटेशन प्रोग्राम परिचय 2025 का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन कॉलेज के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉक्टर लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी के चौहान, डायरेक्टर डॉ बी.सी.शर्मा,डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर एच जी गर्ग और एचओडी एमबीए डॉ.विभूति त्यागी द्वारा किया गया क इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट को एमबीए प्रोग्राम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देना है क एचओडी एमबीए डॉ.विभूति त्यागी द्वारा प्रोग्राम के दौरान स्टूडेंट को विभिन्न एमबीए काउंसिल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जैसे कि सीआरएमसी काउंसिल और उसका योगदान, रिसर्च एंड डेवलपमेंट काउंसिल, स्टूडेंट एक्टिविटी काउंसिल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आरकेजीआईटी के निदेशक डॉ. बीसी शर्मा ने शिक्षा के प्रति संस्थान के अनूठे दृष्टिकोण के बारे में गर्मजोशी से बात कीक उन्होंने स्डूडेन्ट्स के लिए ओवर आल डेवलपमेंट के महत्व के बारे में जानकारी दी, उन्होंने उद्योग संस्थान के बीच बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे यह बातचीत छात्रों को वास्तविक कॉर्पोरेट कामकाज को समझने में मदद कर सकती है। डॉ. बी.सी. शर्मा ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे छात्र न केवल नौकरी के लिए तैयार हों बल्कि नेतृत्व करने के लिए भी तैयार हों। सुशील अग्रवाल, अध्यक्ष, एवरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इस दिन के सम्मानित अतिथि थे ।

## गंदगी, आवारा पशु व कर प्रणाली को लेकर व्यापार मंडल सख्त

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल रजि. के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने पालिका अध्यक्ष हाजी नजमुल इस्लाम व अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर कस्बे की अव्यवस्थाओं पर कड़ा रोष जताया और तत्काल समाधान की मांग की। उन्होंने पत्र में लिखा कि कस्बे में जगह–जगह गंदगी पड़ी हुई है, नालियां और नाले जाम पड़े हैं, जिससे बदबू फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। नगरवासियों को आए दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से निजात दिलाने के लिए पालिका प्रशासन को तुरंत नालों व नालियों की सफाई करानी चाहिए ।युवा उपाध्यक्ष ने कहा कि कस्बे में बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक छाया हुआ है। आए दिन लोग इनके हमलों से परेशान हैं और बच्चों व बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर डर का माहौल बना हुआ है। व्यापार मंडल ने मांग की कि आवारा पशुओं को पकड़कर कस्बेवासियों को राहत दिलाई जाए ।इसके साथ ही रोहित गुप्ता ने स्वत कर प्रणाली को बंद करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि कस्बे के व्यापारियों का कारोबार पहले से ही मंदी की मार झेल रहा है, ऐसे में अतिरिक्त कर प्रणाली लागू करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन एक विशेष कमेटी गठित करे, जिसमें व्यापारियों को भी शामिल किया जाए, ताकि उनकी राय से कस्बे के विकास और समस्याओं के समाधान में मदद मिल सके ।इस दौरान दौरान व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कंसल, मोहनलाल चावला, नरेश सैनी, राजीव शर्मा, तरुण कंसल और मेहरचंद सिंघल सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## दो पक्षों में मारपीट दो घायल, एनसीआर दर्ज

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव हुरमजपुर में दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों लोगों ने अपना–अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव हनुमानपुर निवासी मीनू पुत्र भोपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का पुत्र प्रशांत मेरठ से दवाई लेकर अपने घर को लौट रहा था। जैसे ही पीड़ित का पुत्र गांव में पहुंचा तो आरोप है कि गांव के ही योगेंद्र, मनीष व अन्नू ने पीड़ित के पुत्र के साथ गाली गलौज कर दी। पीड़ित के पुत्र ने विरोध किया तो तीनों लोगों ने लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर पीड़ित के पुत्र को घायल कर दिया। पीड़ित ने अपने पुत्र का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरी ओर इंद्रपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का पुत्र मनीष खेत से अपने घर आ रहा था ।आरोप है कि रास्ते में प्रशांत व निशांत ने पीड़ित के पुत्र पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित का पुत्र घायल हो गया। पीड़ित ने अपने पुत्र का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। दोनों पक्षों का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद दोनों पक्षों की एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बिहार शूटिंग बॉल एसोसिएशन द्वारा 44 वी सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 22 से 24 अगस्त 2025 तक कालचक्र मैदान ,बोधगया बिहार में किया गया । जिसमें 23 राज्यों के लगभग 600 बालक, बालिकाओं ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रेम कुमार, सहकारिता मंत्री, बिहार सरकार रहे ।एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम राष्ट्रीय चैंपियन बनी। उत्तर प्रदेश में क्वार्टर फाइनल मैच में वेस्ट बंगाल को 21-11,21-12 से,सेमीफाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को 21- 13, 21 -13 से तथा फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र को 21-10,21 -18 से हराकर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया ।महाराष्ट्र दूसरे तथा हरियाणा तीसरे स्थान पर रहे। बालक वर्ग में राजस्थान ने राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया ।राजस्थान ने अपने क्वार्टर फाइनल मैच में मध्य प्रदेश को 21-8,21-7 से तथा सेमीफाइनल मैच में गुजरात की टीम को 21- 18 ,21 -15 से तथा फाइनल मैच में पंजाब की टीम को 21-17, 21-16 से हराकर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। राजस्थान पहले पंजाब दूसरे तथा महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहे ।गाजियाबाद की रहने वाली उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी विद्या को बालिका वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया तथा उसे पुरस्कार स्वरूप रुपए 11000 प्रदान किए गए इसी तरह बालक वर्ग में राजस्थान के मिथेश कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया तथा रुपए 11000 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए ।

बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय खिताब जीतने पर अंतरराष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष ,पूर्व सांसद, डॉक्टर अनिल अग्रवाल, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल, महासचिव जीत राज तोमर, शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख, जिला शूटिंग बॉल संघ के अध्यक्ष श्री गुलशन भंमबरी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मदनपाल सिरोही ने अपनी शुभकामना दी।

# जनता की समस्याओं पर हो तुरन्त कार्यवाही : दिनेश कुमार गोयल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद(अनिल वशिष्ठ)।** सभापति द्वारा अपने पत्र के माध्यम से गाजियाबाद संजय नगर फ्लाईओवर से ए0एल0टी0 सेन्टर तक निष्प्रयोज्य खम्भों को हटाने के लिए मुख्य अभियन्ता प्रथम विद्युत विभाग को पत्र जारी किया जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों अधिशासी अभियन्ता, अवर अभियन्ता व विद्युत टीम द्वारा तुरन्त संज्ञान लेते हुए उनको हटवाया। जिसके लिए सभापति दिनेश कुमार गोयल द्वारा कहा विद्युत विभाग के अधिकारियों को उनके इस तीव्र गति से कार्य के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यदि विद्युत विभाग के समस्त कर्मचारी इसी प्रकार जनता के कार्य को तत्परता से करे रहे तो जहां एक और जनता का विश्वास विद्युत विभाग व सरकार पर बढेगा वही दूसरी और जनता को होने वाली असुविधाओं का सामना भी नही करना पडेगा।

# खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार ने शिक्षकों को किया प्रेरित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी में आयोजित एफएलएन (आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता) प्रशिक्षण बैच 5 और 6 के दूसरे दिन का आयोजन उत्साह और गंभीरता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी लोनी, श्री सर्वेश कुमार ने अपने उद्बोधन से शिक्षकों को नई ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 देश की शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली है और शिक्षकों को इसकी मूल भावना को समझकर विद्यार्थियों तक पहुँचाना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान प्रारंभिक स्तर पर बच्चों में भाषा और गणित की दक्षता विकसित करने हेतु अपनाई जाने वाली तकनीकों पर विस्तृत चर्चा हुई। शिक्षकों को बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को सरल, रोचक और प्रभावी बनाने के लिए नए-नए नवाचारों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सत्र का अवलोकन डीसी बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल, डीसी निर्माण विश्वास गौतम और एसआरजी पूनम शर्मा द्वारा किया गया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं को बारीकी से देखा और शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

# निजीकरण की प्रक्रिया पर संघर्ष समिति ने उठाये सवाल

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की सारी प्रक्रिया पर सवाल उठाया है। संघर्ष समिति के पदाधिकारी मनीष मिश्रा ने कहा है कि स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के अनुसार निजीकरण के बाद भी सरकार निजी घरानों को आर्थिक सहयोग देती रहेगी तो निजीकरण से क्या लाभ होने जा रहा है ? उन्होंने बताया कि संघर्ष समिति ने एक बार पुनः प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से अपील की है कि तमाम घोटालों से भरे निजीकरण की सारी प्रक्रिया बहुत ही संदेहास्पद है। अतः वे प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण को निरस्त करने की कृपा करें। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी दिलीप मौर्य ने आज यहां बताया कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा सितंबर 2020 में जारी ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट की धारा 2.2 (बी) में लिखा है कि जिस विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किया जा रहा है अगर वहां औसत बिजली विक्रय मूल्य और औसत राजस्व वसूली में अधिक अन्तर है तो निजीकरण के बाद सरकार निजी विद्युत कम्पनी को सब्सिडाइज्ड रेट पर बिजली आपूर्ति तब तक सुनिश्चित करेगी जब तक निजी कम्पनी मुनाफे में नहीं आ जाती।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतकों की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति एवं लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति से अगवत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ एवं चिकित्सा सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कदापि लापरवाही न बरती जाए, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के व्यवस्थित संचालन, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों जैसे- आशा एवं ए0एन0एम0 की कार्य प्रणाली, संस्थागत प्रसव आदि से सम्बंधित समस्त चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जितनी भी सेवाओं/योजनाओं का संबंध ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों (आशा/एएनएम) से है उसकी समीक्षा अनिवार्य रूप से सम्बंधित चिकित्साधिकारीगण एक-एक आशा/एएनएम के सापेक्ष सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं/कार्यक्रमों के संचालन एवं आउटपुट की सतर्क मॉनीटरिंग भी की जाए।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल की टीम ने सांसद अतुल गर्ग को जन्मदिन की बधाई दी






**वेलकम इंडिया**

**गाज़ियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल की टीम ने गाज़ियाबाद के सांसद मा. श्री अतुल गर्ग जी को उनके जन्मदिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सांसद जी को प्रतीक चिन्ह, बुके एवं पटका पहनाकर अभिनंदन किया और उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। जन्मदिन की बधाई देने वालों में राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष श्री बालकिशन गुप्ता, प्रदीप चौधरी, रितेश शर्मा, अशोक भारतीय, सौरभ यादव, काजल छिब्बर, विक्रांत सैनी, मनोज शर्मा, प्रवीण भाटी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सजग युवा मंच 6.0: भविष्य के नेताओं का संगम, बाल संसद और युवा मंच का भव्य आयोजन

**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल ने राजधानी युवा संसद के सहयोग से सोमवार को सजग युवा मंच 6.0 एवं बाल संसद कार्यक्रम का भव्य आयोजन कर एक नया इतिहास रच दिया। यह आयोजन 22 अगस्त से शुरू हुआ, जिसकी शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, वाइस चेयरमैन नमन जैन, डायरेक्टर प्रशासन श्री प्रणव जैन, प्रिंसिपल डॉ. गीता जोशी, डायरेक्टर स्किल्स एंड कैपेसिटी बिल्डिंग डॉ. सी.एस. नायर सहित राजधानी युवा संसद के सह-संस्थापक एडवोकेट ईशा कपूर और एडवोकेट जय सैनी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन और वाइस चेयरमैन श्री नमन जैन ने विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने की प्रेरणा दी। डॉ. सुभाष जैन ने कहा कि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, ऊर्जा और वैश्विक मुद्दों पर उनकी स्पष्ट सोच इस बात का संकेत है कि देश का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। उन्होंने छात्रों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि युवाओं की यही गंभीरता और सशक्त अभिव्यक्ति उन्हें आने वाले समय में सफलता और नेतृत्व की ऊंचाइयों तक ले जाएगी। वहीं, नमन जैन ने कहा कि ऐसे मंच छात्रों को न केवल लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित कराते हैं बल्कि उन्हें यह भी सिखाते हैं।

## वरदान मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल व रोटरी क्लब द्वारा भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में मंगलवार को वरदान मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के महासचिव अशोक कुमार सिंघल, निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. अलका अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस विशेष शिविर में कुल 89 विद्यार्थियों और शिक्षण स्टाफ ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। रक्तदान से पहले सभी का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। वरदान हॉस्पिटल की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र, उपहार और फल प्रदान किए गए। विद्यार्थियों को रक्तदान के फायदों के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि रक्तदान करने से नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, जिससे शरीर में ताजगी बनी रहती है और कैंसर, मोटापा व शुगर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है।

## ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर बड़ा फोकस, पारदर्शिता और मूलभूत सुविधाओं पर बल

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मंगलवार को जिले में व्यापक समीक्षा बैठक की। बैठक से पहले उन्होंने डाबर औद्योगिक इकाई का भ्रमण किया और डाबर कॉन्फ्रेंस हॉल में उद्यमियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्रभारी मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो और गाजियाबाद उद्योग जगत के लिए और अधिक अनुकूल वातावरण बने। डाबर इकाई के दौरे के बाद प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन गाजियाबाद में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। बैठक के शुभारम्भ में पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़, जिलाधिकारी दीपक मीणा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कल्पना सक्सेना, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक सहित जिले के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। वहीं जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत अध्यक्षा ममता त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी अतिथियों ने माननीय मंत्री का पौधा भेंटकर स्वागत किया।

## सार संक्षेप

### नए सत्र की शुरूआत उल्लास और उमंग के साथ, मुख्य अतिथि सुश्री श्वेता बेरी ने छात्रों को दिया नवाचार और नेतृत्व का संदेश

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदरदीप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में मंगलवार को सीसीएसयू, मेरठ से सम्बद्ध बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रमों के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ बड़े ही भव्य और गरिमामय अंदाज में किया गया। दीक्षारंभ 2025–26 नामक यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम कॉलेज परिसर स्थित एडमिन ब्लॉक के सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ। समारोह का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे विद्यार्थियों के पंजीकरण के साथ हुआ। इसके बाद माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महनादया यूनिवर्सल कंसल्टेंसी प्रा. लि. की संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री श्वेता बेरी उपस्थित रहीं। उन्हें कॉलेज प्रशासन की ओर से पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन में सफलता और नेतृत्व की असली कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने, नवाचार को जीवन का हिस्सा बनाने और व्यावसायिक उत्कृष्टता की ओर आगे बढ? का संदेश दिया। उनके प्रेरणादायी विचारों ने उपस्थित छात्रों में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. दीपा कवर, उप निदेशक, सुंदरदीप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ने प्रस्तुत किया। इसके बाद संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने संबोधनों के माध्यम से छात्रों को सफलता और अनुशासन का मंत्र दिया। कार्यक्रम में एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर श्री महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन श्री अखिल अग्रवाल, प्रो–चांसलर श्री नितिन अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार, प्रो–वीसी एडमिन श्री पीयूष श्रीवास्तव तथा रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय अकादमिक उत्सव में 100 से अधिक प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी

गाजियाबाद। दिल्ली मेरठ.रोड़ स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में सोमवार और मंगलवार को दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट एवं स्किल्स एनहैंसमेंट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय सिस्टेमैटिक रिव्यू एवं मेटा–एनालिसिस रखा गया, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों में कॉलेज के सभी फैकल्टी सदस्य और एम.डी.एस. विद्यार्थी शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. एम.एस. मुथु, प्रोफेसर एवं एच.ओ.डी, सेंटर फॉर अर्ली चाइल्डहुड कैरीज रिसर्च, एडिशनल डीन (रिसर्च), श्री रामचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, चेन्नई रहे। प्रतिभागियों ने इस उपयोगी आयोजन के लिए आई.टी.एस– द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया। सभी ने माना कि संस्थान के इस अकादमिक प्रयास ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में न केवल नई सोच को जन्म दिया है, बल्कि शोध को अंतरराष्ट्रीय मानकों तक पहुँचाने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। पूरे दो दिनों तक कॉलेज परिसर एक अकादमिक उत्सव की तरह सजा रहा। प्रतिभागियों में शोध और नवाचार को लेकर जोश और ऊर्जा स्पष्ट दिखाई दी। इस आयोजन ने साबित किया कि आई.टी.एस डेंटल कॉलेज शिक्षा, अनुसंधान और उत्कृष्टता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ? के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## दीवार गिरने की सूचना पर तुरंत पहुंची निगम टीम, जेसीबी से निकाला पानी


**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** कौशांबी डाबर ऑफिस के सामने स्थित नाले की दीवार कुछ दिन पूर्व अचानक टूट गई थी, जिससे आसपास के लोगों में चिंता का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल तुरंत मौके पर पहुँचे और नगर निगम के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया। शिकायत मिलते ही नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और मौके पर जेसीबी मशीन भेजी गई। जेसीबी के माध्यम से नाले में भरे पानी को निकाला गया ताकि आसपास का क्षेत्र प्रभावित न हो। निगम की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली। टूटी हुई नाले की दीवार को दोबारा बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा तुरंत शुरू करा दिया गया है। निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में संतोष और विश्वास का माहौल है। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि नगर निगम प्रशासन ने पूरी तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत कार्यवाही की है।

## गणपति बप्पा की प्रतिमा अभिजीत मुहूर्त में होगी स्थापित, 1100 लड्डुओं का लगेगा भोग

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर एक बार फिर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम बनने जा रहा है। मंदिर के पीठाधीश्वर, श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता और दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की अध्यक्षता व पावन सानिध्य में 27 अगस्त से 30 अगस्त तक श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर से लेकर आसपास का इलाका भक्ति-भाव और आस्था से सराबोर रहेगा। महोत्सव का शुभारंभ 27 अगस्त को अभिजीत मुहूर्त में गणपति प्रतिमा की स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा से होगा। महाराजश्री स्वयं विधि-विधान के साथ गणपति बप्पा को विराजमान कराएंगे। इसके बाद लगातार तीन दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और भोग अर्पण की परंपरा चलेगी। प्रतिदिन प्रातःकाल दस बजे से दोपहर बारह बजे तक पंचोपचार पूजन, पंचामृत से अभिषेक, गणेश अथर्वशीर्ष से महाभिषेक और दूर्वा से सहस्त्रार्चन संपन्न होगा।

## गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग को बलप्रीत सिंह की तरफ से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

**वेलकम इंडिया**

गाजियाबाद के लोकप्रिय सांसद अतुल गर्ग जी भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह की तरफ से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने गाजियाबाद में विधायक के पद पर रहते हुए अनगिनत सेवाएं दी है तथा वर्तमान में सांसद के रूप में गाजियाबाद के विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रहे है। मैं कामना करता हूं कि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी की थीम सबका साथ सबका विकास के रूप में अपना ध्यान बनाए रखें और जनता उन सेवाओं का लाभ उठाती रहे। लोकप्रिय सांसद अतुल गर्ग जी को जन्मदिन पर अनंत अनंत बधाइयां।




## ऑनलाइन ठगों से सावधान! एसीपी प्रियाश्री पाल ने कॉलेज छात्रों को दिए सुरक्षा मंत्र

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद के कुशल निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम व नागरिकों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना वेवसिटी क्षेत्र के रॉयल कॉलेज ऑफ लॉ के ऑडिटोरियम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त वेवसिटी श्रीमती प्रियाश्री पाल ने किया। उनके साथ थाना प्रभारी वेवसिटी व पुलिस टीम भी मौजूद रही। कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन विजय अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉक्टर टीना गर्ग, प्रोफेसरगण, छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों को आधुनिक साइबर अपराधों की पहचान करने के तरीके, संभावित खतरों से बचाव और साइबर सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। एसीपी प्रियाश्री पाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।